हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

छत्तीसगढ़ में चौका-चूल्हा ही नहीं, बाहर का काम भी संभाल रहीं महिलाएं, शहरियों को पीछे छोड़ रहीं छोटे जिलों की 'वर्किंग वुमन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

- राज्य में महिलाओं की बदलती जीवनशैली का नया अध्याय

छत्तीसगढ़ में अब महिलाएं केवल घरेलू कामकाज में हाथ बंटाने वाली ही नहीं रह गई हैं, यहां महिलाएं अपने घरों से निकलकर रोजी-रोजगार से जुड़े काम करके हाउस वाइफ की जगह वर्किंग वुमन का कल्चर अपना रही हैं। यही नहीं, बदलाव के इस दौर में राज्य के बड़े शहर-जिलों की महिलाओं के मुकाबले छोटे जिले और ग्रामीण परिवेश की महिलाओं में कामकाजी बनने का जज्बा अधिक नजर आ रहा है। राज्य में यह बदलाव महिलाओं के सामाजिक आर्थिक उन्नयन ▶▶|शेष पेज 7 पर



बड़े शहरों की महिलाओं की स्थिति

छत्तीसगढ़ में बड़े और पुराने जिलों में वर्किंग वुमन की स्थिति देखें तो पता लगता है कि राजधानी रायपुर में कामकाजी महिलाओं की संख्या में 26.46 प्रतिशत की सम्मानजनक वृद्धि दर्ज की गई है (2.64 लाख से 3.34 लाख)। इसके साथ ही राज्य के अन्य बड़े जिलों में बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर आदि आते हैं, ▶▶|शेष पेज 7 पर

बीते 15 साल का जिलेवार विश्लेषण (2011 से 1 मार्च 2026)

शीर्ष 5 जिले (जहां कामकाजी महिलाओं की संख्या में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि हुई है। यह देखना दिलचस्प है कि बड़े शहरों के बजाय विकासशील जिलों में महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा बढ़ी है। प्रतिशत की गणना 2011 के आधार वर्ष और 1 मार्च 2026 के अनुमानित आंकड़ों के बीच के अंतर से की गई है।

कामकाजी महिलाओं में वृद्धि

बलौदाबाजार:	2.12 लाख से 3.11 लाख	46.13%
जांजगीर-चांपा:	2.12 लाख से 2.96 लाख	39.61%
सक्ती:	1.56 लाख से 2.27 लाख	45.66%
मुंगेली:	1.52 लाख से 2.09 लाख	36.83%
बेमेतरा:	1.82 लाख से 2.59 लाख	42.17%

5 जिले, जहां कामकाजी महिलाओं की संख्या में सबसे कम वृद्धि

कुछ जिलों में यह वृद्धि स्थिर रही है या बहुत ही धीमी गति से बढ़ी है। उत्तर बस्तर कांकेर: -0.05% (यहां संख्या में मामूली गिरावट देखी गई, 1,71,846 से 1,71,744)। बस्तर: 0.08% की नाममात्र वृद्धि (1,63,988 से 1,64,130)। रायगढ़: 2.53% की वृद्धि (1.84 लाख से 1.89 लाख)। सुकमा: 2.94% की वृद्धि (68,675 से 70,696)। नारायणपुर: 5.21% की वृद्धि (32,903 से 34,620)।

बस्तर 2.0 की शुरुआत, टूरिज्म, स्टार्टअप, इंफ्रा और इनोवेशन पर फोकस

साय ने पीएम मोदी को दिया बस्तर आने का न्योता, सौंपा विकास का 'ब्लू प्रिंट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/ रायपुर

- पीएम का बस्तर दौरा बनेगा टर्निंग पॉइंट, मिलेगी बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर नक्सलमुक्त बस्तर के विकास का ब्लू प्रिंट सौंपा। उन्होंने नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। श्री साय ने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित हैं।

पीएम को श्री साय ने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है। शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

अब योजना में शामिल होंगे 10 जिले

आजीविका और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन वर्षीय योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 85 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 15,000 से बढ़ाकर 30,000 रुपये करना है। 'नियद नेल्ला नार 2.0' योजना के तहत अब अधिक जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा। 10 जिलों में शुरू की गई यह योजना अब ▶▶|शेष पेज 7 पर

61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग

मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से ▶▶|शेष पेज 7 पर

ये भी बताया

- 2030 तक 5,000 स्टार्टअप तैयार करने का लक्ष्य
- चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी नेशनल पार्क, एडवेंचर टूरिज्म, कैनोपी वॉक और ग्लास ब्रिज जैसी परियोजनाएं

कृषि और सिंचाई क्षेत्र में दो बड़े प्रोजेक्ट स्वीकृत

ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की योजना है। हर घर तक बिजली पहुंचाने के कार्य तेज होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदला जाएगा। युवाओं के लिए 15 स्टेडियम और 2 मल्टीपर्पज हॉल बनाए जाएंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर दो बड़े प्रोजेक्ट देउरगांव और मटनार में स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 31,840 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। यह परियोजनाएं बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

राजधानी समेत जिलेभर में चल रहा था जांच के नाम पर खेल, सीएमएचओ की बड़ी कार्रवाई

कलेक्शन सेंटर की आड़ में पैथोलॉजी लैब 38 संस्थानों पर एक्शन, लाखों का जुर्माना

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

सैंपल कलेक्शन सेंटर की आड़ में बिना परमिशन संचालित हो रहे डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पैथोलॉजी लैब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। ऐसे 38 संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 7.60 लाख जुर्माना लगाया गया है। कलेक्शन सेंटर राजधानी रायपुर समेत जिलेभर में संचालित हो रहे थे। ऐसे संस्थानों को तत्काल बंद करने अथवा काम करने के लिए नियमानुसार अनुमति लेने की सख्त हिदायत सीएमएचओ ने दी है।

अलग खबर

राजधानी समेत रायपुर जिले में ब्लड सहित अन्य सैंपल के डायग्नोसिस के लिए बड़े संस्थानों से अटैच होने का हवाला देकर कलेक्शन सेंटर खोले गए थे। नियम के मुताबिक कलेक्शन सेंटर का काम केवल जांच के लिए आने वाले सैंपल का कलेक्शन कर उन्हें जांच के लिए लैब भेजना होता है। शिकायत मिली थी कि इन कलेक्शन सेंटरों की आड़ में कई तरह की पैथोलॉजी जांच का खेल चल रहा है। इस आधार पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जांच टीम को अलर्ट किया और नर्सिंग होम एक्ट के तहत संचालित होने वाले इन कलेक्शन सेंटरों की जांच के निर्देश दिए।

जांच के दौरान पता चला कि अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब ही नहीं, कई कलेक्शन सेंटर भी चल रहे हैं। जांच के बाद सीएमएचओ ने बड़ा एक्शन लेते हुए बिना अनुमति संचालित होने वाले 38 सेंटरों पर 20-20 हजार रुपए के हिसाब से कुल 7.60 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। इसके अलावा संबंधित संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे संचालन तत्काल रूप से बंद करें और अनुज्ञा मिलने पर ही काम का संचालन करें।

- संस्थान बंद करने के निर्देश, कलेक्शन डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी सेंटर चलने अनुमति अनिवार्य

बढ़ सकता है जोखिम

कलेक्शन सेंटर का काम केवल सैंपल लेकर जांच के लिए भेजना होता है और इसके लिए भी अनुमति आवश्यक होती है। बिना अनुमति संचालित होने वाले इन संस्थानों की रिपोर्ट गलत हो सकती है, सैंपल की जांच विशेषज्ञों द्वारा किया जाना जरूरी है। अधिकारियों का तर्क है कि किसी भी तरह की जांच मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से ही करानी चाहिए।

नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना

जांच में पाया गया था कि संबंधित संस्थान बिना अनुमति के संचालित हो रहे थे। नर्सिंग होम एक्ट के उल्लघंन पर उनका जुर्माना किया गया है। ऐसे संस्थानों को संचालन नियमों के अनुसार करना होगा, जांच जारी रहेगी। संस्थानों के पास वैध दस्तावेज अगर हैं तो प्रस्तुत करें, अन्यथा बंद करने की कार्रवाई अतिशीघ्र की जाएगी।

-डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ, रायपुर

इन कलेक्शन सेंटरों पर जुर्माना

एडवांस हेल्थ केयर लैब टैगोर नगर, पैथोस क्लीनिकल पैथोलॉजी लैब राजेंद्र नगर, श्री राम क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर संतोषी नगर, शिवम एडवांस वायरस डायग्नोस्टिक सेंटर लोधीपारा चौक, कृष्णा फेटल मेडिसिन सेंटर समता कालोनी, आरआर पैथ सर्विसेस नया राजेंद्र नगर, एसबीएच वुमन हास्पिटल प्रायवेट लिमिटेड (साईंकृपा पैथोलॉजी लैब) न्यू राजेंद्र नगर, एनके पैथोलॉजी कैलाशपुरी, लाल पैथलैब्स लिमिटेड भाटिया काम्पलेक्स जीई रोड, श्रीराम डायग्नोस्टिक संतोषी नगर, गीताजंलि एक्सरे एवं सोनोग्राफी सेंटर कचहरी चौक, यूनिक पैथ लैब अंवति विहार, चौहान पैथोलॉजी लेबोरिटी छोटापारा, हेल्थ फर्स्ट लैब सुंदर नगर, रायपुर सीसी 23 लैब कैलाशपुरी, मेडी पैथलैब फाफाडीह चौक, दक्षयानी पैथ कलेक्शन रामसागर पारा, एजे सांइटिफिक पैथलैब विधानसभा रोड सड्डू, द अशोका डायग्नोस्टिक्स समता कालोनी, आस्था पैथोलॉजी लैब गोबरा नवापारा, रायपुर इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर शहीद स्मारक भवन जीई रोड, एसबीएल डायग्नोस्टिक अश्वनी नगर, गोल्डन पैथोलॉजी लैब बिरगांव, आस्था पैथोलॉजी लैब अभनपुर, तोसी पैथलैब्स (कलेक्शन सेंटर डॉ. लाल पैथलैब) डगनिया, एमडी लैब बैरनबाजार, यूनिसेफ पैथोलॉजी लैब संजय नगर टिकरापारा, नाइस पैथोलॉजी लैब बुध वारी बाजार बिरगांव, लुपिन डायग्नोस्टिक शंकर नगर, ब्लड लाइन डायग्नोस्टिक टाटीबंध, श्री गणेश डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग लैब मोवा, मेडसिस पैथलैब इंडिया प्रायवेट लिमिटेड एलटीडी कचहरी चौक, एचबी प्लस पैथोलॉजी लैब संजय नगर बकरा मार्केट, रेडलाइफ पैथोलॉजी लेबोरेटरी उरकुरा, सहज पैथोलॉजी लैब छोटापारा, केयर प्लस हेल्थ सेंटर एंड लैब विधानसभा रोड तथा आयुष्ममान भवः डायग्नोस्टिक तिल्दा पर जुर्माना लगाया गया है।

युद्ध का असर, आज से लागू होगा नया किराया

हवाई सफर पर महंगाई की मार, एयर इंडिया ने बढ़ाए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हवाई जहाज से सफर करने वालों के लिए एक बड़ा झटका लगा है। अब आपको अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी होगी। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने अपने टिकटों पर लगने वाले फ्यूल सरचार्ज को बढ़ा दिया है। ईरान और आसपास के देशों में छिड़ी जंग की वजह से पूरी दुनिया में विमान के ईंधन के दाम तेजी से बढ़े हैं। इसी बढ़ते खर्च का बोझ अब आम यात्रियों पर डाला जा रहा है। 8 अप्रैल से कई रूट्स पर ये नई दरें लागू हो जाएंगी, जिससे फ्लाइट के टिकट महंगे मिलेंगे। दुनियाभर के बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में आई आग ने एयरलाइंस की कमर तोड़ दी है।

कितना बढ़ा घरेलू किराया?

एयर इंडिया ने पहले के निश्चित शुल्क के स्थान पर दूरी-आधारित किराया बढ़ाया है, जिससे यात्री द्वारा भुगतान की जाने वाली अतिरिक्त राशि उनकी यात्रा की दूरी पर निर्भर करेगी। अब 500 किलोमीटर तक की छोटी उड़ानों के लिए 299 रुपए, 501 से 1,000 किमी के बीच 399 रुपए, 1,001 से 1,500 किमी के बीच 549 रुपए, 1,501 से 2,000 किमी के बीच 749 रुपए और 2,000 किलोमीटर से अधिक की उड़ान यात्रा के लिए 899 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

विदेश जाना अब कितना महंगा

विदेशी उड़ानों में सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला है। खाड़ी देशों जैसे दुबई या ओमान जाने वालों को अब प्रति टिकट करीब 50 डॉलर ज्यादा देने होंगे। वहीं अगर आप सिंगापुर जा रहे हैं, तो यह बोझ 60 डॉलर के करीब होगा। थाईलैंड और वियतनाम जैसे साउथ ईस्ट एशिया के देशों के लिए एयरलाइन ने 100 डॉलर का सरचार्ज तय किया है। सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की फ्लाइट्स पर पड़ा है।

एयर इंडिया के सीईओ का इस्तीफा

एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड मूल के विल्सन पिछले चार वर्ष से टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था।

नौ घायल प्राथमिक उपचार बाद छुट्टी, एक का पांव फ्रैक्चर

बीएसपी में हादसा, आग लगने पर केबल के सहारे उतरकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मंगलवार को आगजनी का एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। सुबह करीब 10 बजे पीबीएस -2 में अचानक लगी आग से मची अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए 20 फीट ऊपर से नीचे कूदने से 9 ठेका श्रमिक घायल हो गए। सभी घायलों को प्लांट के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया। एक मजदूर का पैर फैक्चर होने से सेक्टर नौ हास्पिटल में भर्ती कराया गया। बाकी सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। आग में घिरे मजदूरों ने यदि कूदकर जान नहीं बचाई होती और दमकल टीम ने आग पर काबू नहीं पाया होता तो

जानलेवा बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार बीएसपी के पीबीएस 2 में सुबह एकाएक टर्बाइन ब्लास्ट होने से आग तेजी से फैली। इसकी चपेट ▶▶|शेष पेज 7 पर

ये हुए घायल

घायल मजदूर में कीर्ति कुमार भगत, महेंद्र कुशवाहा, महेंद्र जायसवाल, वैभव, ओमेंद्र कुमार तिरखा, सुशांत, मनीष, अवधेश और शिव मोहन त्रिपाठी शामिल हैं। दुर्घटना की हादसे की खबर लगते ही इंटक यूनियन के महासचिव संजय साहू, सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, पूरन वर्मा मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचकर हादसे की जानकारी ली और घायलों को सेक्टर 9 अस्पताल भिजवाने में मदद की।

असम के पथारकंडी, श्रीभूमि की चुनावी रैली में बोले अमित शाह

असम में 9 अप्रैल को होना है विधानसभा चुनाव का मतदान

'घुसपैठियों की हो चुकी है पहचान चुन-चुनकर देश से करेंगे बाहर'

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही राज्य को अवैध घुसपैठ से बचा सकती है और इसकी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित कर सकती है। अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'भाजपा की सरकार बना दीजिए। हमने घुसपैठियों को चिह्नित करके रखा है। अब बारी है एक-एक करके इन्हें चुन-चुन कर बाहर करने की। केवल भाजपा ही है जो करीमगंज का नाम बदलकर श्रीभूमि कर सकती है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस है जो घुसपैठियों के सहारे सत्ता हासिल करना चाहती है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, राहुल गांधी कान खोलकर सुन लीजिए, हम असम को घुसपैठिया बहुल नहीं बनने देंगे। जिनकी जड़ें इटली में हो उनको श्रीभूमि का मतलब क्या मालूम होगा। प्रधानमंत्री ने असमिया और बांग्ला भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का काम किया है।'

कांग्रेस पार्टी ने किया षड्यंत्र

गृहमंत्री ने कहा, 'हम सीएए की बात करते हैं तो कांग्रेस विरोध करती है। कांग्रेस पार्टी ने षड्यंत्र के साथ इस क्षेत्र को घुसपैठिया बहुल क्षेत्र बनाने का प्रयास किया। वोट बैंक की गंदी राजनीति कर उन्होंने 1950 के इमिग्रेंट एक्ट को समाप्त कर दिया। गोपीनाथ यह एक्ट लेकर आए थे। कांग्रेस ने 1983 में आईएमडीटी एक्ट पास कर घुसपैठियों को यहां शरण देने का काम किया। असम, बंगाल और त्रिपुरा तीनों जगह भाजपा-एनडीए सरकार बनने के साथ ही घुसपैठ बंद होगी। चुन-चुन कर हम घुसपैठियों को देश के बाहर करेंगे। ये घुसपैठिये हमारे युवाओं के रोजगार, गरीबों के राशन और चाय बागान के मजदूरों की मजदूरी छीनने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हें देश के बाहर निकालने का काम भाजपा सरकार करेगी।'

कांग्रेसियों को शर्म आनी चाहिए

शाह ने कहा, 'जब से राहुल गांधी कांग्रेस के नेता बने हैं, सभी कांग्रेस नेताओं का सार्वजनिक स्तर नीचे हो गया है। अभी दो दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गुजरात और जो प्रांत भाजपा का समर्थन करते हैं वे अनपढ़ हैं। कांग्रेसियों को शर्म आनी चाहिए। जिस गुजरात ने दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, विक्रम साराभाई और पीएम मोदी जैसे नेता दिए, उस गुजरात को आप अनपढ़ कह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि आरएसएस और भाजपा सांप हैं, इन्हें मार देना चाहिए। मैं खड़गे को कहना चाहता हूं कि मंच पर चढ़कर देखिए, हजारों की संख्या में भाजपा और आरएसएस के लोग खड़े हैं। यह लोकतंत्र की भाषा नहीं है।'

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने असम सीएम को बताया सबसे भ्रष्ट

'सीएम सरमा चाय, कोयला व जमीन से जुड़े सिंडिकेट चला रहे'

एजेंसी ▶▶| गुवाहटी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और उनसे ज्यादा अहंकारी और घमंडी कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं और चाय, कोयला व जमीन से जुड़े सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार से मांग की कि हिमंत सरमा की पत्नी के कथित विदेशी संपत्तियों और तीन देशों के पासपोर्ट रखने के आरोपों की जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि इन गंभीर आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

पीएम मोदी को गांधी परिवार पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं

चुनावी दावों को लेकर खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम की 126 सदस्यीय विधानसभा में 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि उन्हें गांधी परिवार पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि इस परिवार के सदस्यों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

जेएमएम और जय भारत पार्टी का गठबंधन

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले असम की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है। आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की प्रमुख राजनीतिक पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने असम की क्षेत्रीय पार्टी जय भारत पार्टी (जेबीपी) को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य असम के आदिवासी और चाय जनजाति समुदायों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना है। करीब दो साल पहले असम के विभिन्न आदिवासी संगठनों, समूहों और समुदायों के सहयोग से गठित जय भारत पार्टी को अब जेएमएमका मजबूत साथ मिला है। दोनों दल मिलकर एक साझा मंच पर चुनाव लड़ रहे हैं और राजनीतिक शक्ति हासिल कर समुदायों के सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को हल करने की रणनीति बना रहे हैं।

---

4 मई को होगी मतगणना

असम, केरल और पुडुचेरी में चुनाव प्रचार थमा, 9 अप्रैल को मतदान

असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम समाप्त हो गया। इन तीनों जगहों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों पर एक साथ वोट डाले जाएंगे। तीनों राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश में राजनीतिक दलों ने अंतिम समय तक जोरदार प्रचार किया।

असम में 722 उम्मीदवार मैदान में

असम में कुल 2.5 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.25 करोड़ पुरुष, 1.25 करोड़ महिलाएं और 343 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 5.75 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। 126 सीटों पर 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है।

केरल में त्रिकोणीय मुकाबला

केरल में 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 71 सीटों का बहुमत जरूरी है। राज्य में कुल 2.71 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1.32 करोड़ पुरुष, 1.39 करोड़ महिलाएं और 273 थर्ड जेंडर वोटर्स शामिल हैं।

पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव

पुडुचेरी में 30 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा, जिनमें 5 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यहां सरकार बनाने के लिए 16 सीटों का बहुमत जरूरी है। कुल 9.44 लाख मतदाताओं में करीब 4.43 लाख पुरुष, 5 लाख महिलाएं और 139 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

जयशंकर की रैली में बढ़ा तनाव

नाम नहीं लिया तो मंच छोड़कर चली गईं भाजपा उम्मीदवार

तिरुवनंतपुरम। केरल के वट्टियूरकावु विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की चुनावी सभा के दौरान एक अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई। मंच पर उस समय हड़कंप मच गया जब भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी आर श्रीलेखा अचानक नाराज होकर कार्यक्रम छोड़कर चली गईं. दरअसल हुआ यह कि जयशंकर ने अपने संबोधन में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का तो जिक्र किया लेकिन स्थानीय उम्मीदवार होने के बावजूद श्रीलेखा का नाम लेना भूल गए। इस बात से श्रीलेखा इतनी आहत हुईं कि वे बीच कार्यक्रम में ही मंच से नीचे उतर गईं जिससे वहां मौजूद कार्यकर्ता और नेता हैरान रह गए। पूर्व नौकरशाह और पार्षद रह चुकीं

श्रीलेखा ने अपनी शिकायत राजीव चंद्रशेखर और तिरुवनंतपुरम के मेयर वी वी राजेश के सामने भी दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेता जी सोमन से भी इस मुद्दे पर काफी तीखी बातचीत की। हालांकि पार्टी के बड़े नेताओं ने तुरंत हस्तक्षेप किया और काफी समझाने-बुझाने के बाद उन्हें दोबारा मंच पर वापस लाया गया जिसके बाद ही कार्यक्रम सामान्य रूप से आगे बढ़ सका।

ख्वाजा आसिफ के बयान पर राजनाथ का जवाब

'पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंटेगा, भगवान ही जाने'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कोलकाता पर हमले से संबंधित हालिया टिप्पणियों पर कड़ा प्रहार किया। राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस तरह का भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए क्योंकि अगर उनकी नजर बंगाल पर पड़ी तो पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंट जाएगा, यह तो सिर्फ भगवान ही जानते हैं। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान के रक्षामंत्री को ऐसा भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े थे जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। अगर वे बंगाल पर नजर डालने की कोशिश करेंगे तो पता नहीं इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंटेगा।'

'पुडुचेरी को 'गिनी पिग' की तरह इस्तेमाल कर रही केंद्र'

पुडुचेरी। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता आर. शिवा ने विल्लियनूर विधानसभा क्षेत्र में अपने चुनाव प्रचार के दौरान पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने, युवाओं के लिए रोजगार, टाइडल पार्क और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने जैसे कई आश्वासन दिए। उन्होंने कहा, राज्यपाल, मुख्य सचिव और केंद्रीय गृह मंत्रालय ही पुडुचेरी पर शासन करते हैं; वे पुडुचेरी को एक गिनी पिग और केंद्र सरकार के कानूनों/नियमों के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल करते हैं।'

एआईडीएमके उम्मीदवार की पारिवारिक संपत्ति है 5,863 करोड़ रुपये

सबसे अमीर उम्मीदवार हैं छठवीं पास लीमा रोज

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बीच एक चौंकाने वाली बात सामने आई है, जहां ए आ ई ए डी ए म के उम्मीदवार लीमा रोज राज्य की सबसे धनी प्रत्याशी के रूप में उभरी हैं। तिरुचिरापल्ली जिले के लालगुडी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं लीमा रोज ने अपने नामांकन हलफनामे में कुल 5,863 करोड़ रुपये की पारिवारिक संपत्ति घोषित की है।

लीमा ने इसी साल इंडिया जननायका कांची पार्टी छोड़कर एआईएडीएमके में आई हैं। हलफनामे के अनुसार, लीमा के पास 139 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 910 करोड़ की अचल संपत्ति है। यह आंकड़ा उन्हें चुनावी मैदान में सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर पहुंचाता है। उनकी कुल संपत्ति में उनके पति और व्यवसायी मार्टिन का बड़ा योगदान है।

केवल छठवीं तक पढ़ी हैं लीमा

शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो लीमा रोज ने थिरुवाना के एक सरकारी स्कूल से केवल कक्षा 6 तक शिक्षा प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने अपने हलफनामे में यह भी खुलासा किया है कि उनके खिलाफ चार आपराधिक मामले लंबित हैं।

तुर्किए में इजरायली दूतावास के बाहर फायरिंग, तीनों हमलावर ढेर

धार्मिक चरमपंथी समूह से संबंधित हैं आरोपी

इस्तांबुल। तुर्किए के इस्तांबुल शहर में मंगलवार को इजरायली वाणिज्य दूतावास के पास एक बड़ा हमला हुआ, जहां हथियारबंद हमलावरों और पुलिस के बीच भीषण गोलीबारी हुई। इस घटना में कम से कम तीन हमलावर मारे गए, जबकि दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लंबी दूरी के हथियारों के साथ वाणिज्य दूतावास के पास पहुंचकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद तुर्किए पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की, जो कई मिनट तक चली। इस दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने दूतावास पर गोलीबारी की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें निष्क्रिय कर दिए। पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी. आसपास के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया और यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, तीन हमलावर इस हमले में शामिल थे। पुलिस की कार्रवाई में तीनों हमलावर मारे गए। हमलावरों की पहचान और उनके मकसद को लेकर अभी तक कोई साफ जानकारी सामने नहीं आई है।

मामले की जांच जारी

तुर्किए अधिकारियों ने बताया कि दोनों हमलावर भाई हैं। एक भाई का धार्मिक चरमपंथी समूह से संबंध था, जबकि दूसरे का नशीले पदार्थों का इतिहास रहा है। वे इज्मित से किराए की कार से इस्तांबुल आए थे। गनीमत ये रही कि जिस इजरायली कांसुलेट पर हमला हुआ वो दो साल से बंद पड़ा है, इसमें कोई राजनयिक नहीं रहते. तुर्किए के न्याय मंत्री ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां ये पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इस हमले के पीछे कौन लोग या संगठन जिम्मेदार हैं। ये हमला ऐसे समय में हुआ है जब मध्य पूर्व में पहले से ही तनाव चरम पर है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण कई देशों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ा सकती हैं।

न्यूक्लियर पावर क्षेत्र में बड़ी कामयाबी

एफबीआर तकनीक वाला दुनिया का दूसरा देश बना हिंदुस्तान

कलपक्कम ने रचा इतिहास, परमाणु क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने न्यूक्लियर पावर के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तमिलनाडु के कलपक्कम में मौजूद प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) को 'क्रिटिकल' बना दिया है। यानी ये रिएक्टर खुद-ब-खुद न्यूक्लियर रेन रिएक्शन शुरू कर चुका है। अब रिएक्टर खुद अपने आप चलने लगा है। ज्यादा ईंधन भी बना रहा है। ये अचीवमेंट इसलिए बेहद खास है क्योंकि इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा देश बन गया है जिसके पास फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) तकनीक मौजूद है। तमिलनाडु के कलपक्कम में बना ये प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत की न्यूक्लियर कंपनी भाविनी (भाभा न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स) ने तैयार किया है।

क्या है पीएफबीआर और क्या है इसकी खासियत?

कलपक्कम में बना ये पीएफबीआर 500 मेगावाट क्षमता का एक एड्वांस्ड परमाणु रिएक्टर है, जिसे पूरी तरह भारत में डिजाइन और विकसित किया गया है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की खासियत होती है कि ये जितना फ्यूल खर्च करता है, उससे ज्यादा नया परमाणु ईंधन तैयार करता है। यानी ये एनर्जी प्रोडक्शन के साथ-साथ भविष्य के लिए ईंधन भी तैयार करता है। परमाणु रिएक्टर में 'क्रिटिकलिटी' वो स्थिति होती है जब न्यूक्लियर फिशन रिएक्शन स्टेबल तौर से शुरू हो जाता है। ये किसी भी रिएक्टर के ऑपरेशन से पहले सबसे अहम फेज होता है। इसका मतलब है कि अब ये रिएक्टर धीरे-धीरे बिजली प्रोडक्शन के अगले फेज की ओर बढ़ेगा।

---

2 पाकिस्तानी आतंकी सहित पांच गिरफ्तार, 'खरगोश' अभी भी फरार

जम्मू-कश्मीर में लश्कर के आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

एक बड़े एंटी-टेरर ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने कई राज्यों में फैले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक गहरे नेटवर्क को खत्म कर दिया, जिसमें दो पाकिस्तानी समेत पांच टेररिस्ट गिरफ्तार किए गए और एक महिला समेत करीब 20 साथियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, ऑफिशियल सोर्स ने कन्फर्म किया।

मुख्य गिरफ्तारियों में 'हुरैरा अब्दुल्ला' शामिल है, जो एलईटी का एक टॉप ऑपरेटिव और पाकिस्तानी नागरिक है और 2010 से कश्मीर घाटी में एक्टिव है। वह टेरर ठिकानों और फंडिंग चैनल को मैनेज करता था। उसके साथ एक और पाकिस्तानी, खुबैब उर्फ उस्मान-जो एक दशक से ज़्यादा समय से कश्मीर में काम कर रहा है-को भी पकड़ा गया। सटीक इंटेलिजेंस इनपुट और डिजिटल इंटरसेप्ट के आधार पर, इस कार्रवाई में जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली में 20 से ज़्यादा जगहों को टारगेट किया गया। छापों में ऐसा आपत्तिजनक मटीरियल मिला जिससे देश भर में टेररिस्ट को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद देने की साजिश का पर्दाफाश हुआ।

खरगोश ने की है लोकल से शादी

सूत्रों ने बताया कि नेटवर्क का दूसरा मुख्य कमांडर, पाकिस्तानी आतंकवादी 'खरगोश' अभी भी फरार है। उसने श्रीनगर के जकूरा इलाके में एक लोकल महिला से शादी की। उसे और उसके पिता-जिन पर आरोप है कि उन्होंने खरगोश, हुरैरा और दूसरों की मदद की-दोनों को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में पिता समेत तीन लोकल लोग शामिल हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया, 'यह नेटवर्क कश्मीर, जम्मू, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली में काम करता था, जिससे विदेशी आतंकवादियों को पकड़े जाने से बचने और ऑपरेशन करने में मदद मिलती थी।' पूछताछ में कश्मीर घाटी में साथियों से भारी मात्रा में हथियार मिले, जिसमें पांच एके राइफल, दो पिस्तौल, छह ग्रेनेड और गोला-बारूद शामिल हैं। जकूरा में पिता-बेटी की जोड़ी के घर से एक बड़ा कैश बरामद किया गया।

देश में पेट्रोल और एलपीजी की कोई कमी नहीं गैस कंपनियां कर रहीं सामान्य रूप से वितरण

नई दिल्ली। मध्य पूर्व एशिया में जारी युद्ध की वजह से एलपीजी सप्लाई के मोर्चे पर बढ़ती चुनौती को देखते हुए देश में ईंधन और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अहम और राहत भरा अपडेट जारी किया है। वर्तमान में आपूर्ति श्रृंखला को लेकर किसी भी प्रकार की अटकलों पर विराम लगाते हुए सरकार ने साफ किया है कि बाजार में एलपीजी और पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ईंधन वितरण की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि एलपीजी वितरक कंपनियों में कहीं किसी 'ड्राईआउट' की कोई भी सूचना नहीं है।

ईरान युद्ध के बीच डीजीसीए का लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर फैसला

अब पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए पायलटों के ड्यूटी समय में अस्थायी राहत दी है। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि ईरान युद्ध के चलते मिडिल ईस्ट के कई देशों का एयरस्पेस बंद होने से उड़ानों को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है।

नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ ने बताया कि लंबी उड़ानों के कारण एयरलाइंस को पायलट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) के नियमों का पालन करने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए यह छूट दी गई है।

फ्लाइट ड्यूटी पीरिएड 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाया

डीजीसीए ने कहा- एयरलाइंस नियमों का पालन करें

एयरलाइंस को लंबा रास्ता लेना पड़ रहा

डीजीसीए ने पिछले साल पायलटों की थकान को कम करने और फ्लाइट सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नए नियम लागू किए थे। इन नियमों के तहत पायलटों को 48 घंटे का लगातार आराम देना जरूरी किया गया था, जो पहले 36 घंटे था। लेकिन ईरान युद्ध के कारण पश्चिमी देशों के लिए उड़ानों का समय बढ़ गया है, क्योंकि विमानों को मिडिल ईस्ट के संघर्ष वाले क्षेत्र से बचते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है। इससे एयरलाइंस के लिए तय ड्यूटी टाइम के भीतर ऑपरेशन करना मुश्किल हो रहा है।

फ्लाइट टाइम 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाया

डीजीसीए ने पहले भी 30 अप्रैल तक कुछ राहत दी थी। अब दो पायलटों वाली लंबी उड़ानों के लिए फ्लाइट टाइम (एफटी) को 1 घंटा 30 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 30 मिनट कर दिया गया है, जबकि फ्लाइट ड्यूटी पीरियड (एफडीपी) को 1 घंटा 45 मिनट बढ़ाकर 11 घंटे 45 मिनट कर दिया गया है। फ्लाइंग टाइम में विमान रनवे पर टेक-ऑफ के लिए चलने से लेकर उड़ान खत्म होने के बाद रुकने तक का पूरा समय शामिल होता है।

डीजीसीए ने निगरानी बढ़ाई

डीजीसीए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि एयरलाइंस नियमों का पालन करें। इसके लिए साप्ताहिक और पखवाड़े के आधार पर निगरानी बढ़ाई गई है और हर दो महीने में डीजीसीए अधिकारी एयरलाइंस का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, रेगुलेटर अब एयरलाइंस के संचालन पर और ज्यादा नजर रख रहा है, जिसमें पायलट रोस्टर, क्रू की उपलब्धता, बैकअप व्यवस्था, सिस्टम की मजबूती और एफडीटीएल नियमों के अनुपालन पर खास ध्यान दिया जा रहा है।

मिडिल ईस्ट जंग के बीच शरीफ सरकार का बड़ा ऐलान

पाकिस्तान में लगा 'स्मार्ट लॉकडाउन'

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

मिडिल ईस्ट जंग को 1 महीने से ज्यादा हो गया है। हालात दिनों दिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। इसी बीच भारत के पड़ोसी देश में हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। इसको देखते हुए शहबाज सरकार ने स्मार्ट लॉकडाउन लगाने का फैसला लिया है। पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र, गिलगित-बाल्टिस्तान और आजाद जम्मू और कश्मीर में बाजारों, दुकानों और शॉपिंग मॉल को रात 8 बजे बंद करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ ने पेट्रोलियम उत्पादों, ऊर्जा संरक्षण और मितव्ययिता उपायों के कार्यान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान, इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र, गिलगित-बाल्टिस्तान और आजाद जम्मू और कश्मीर में बाजारों, दुकानों और शॉपिंग मॉल को रात 8 बजे बंद करने का निर्णय लिया गया।

रात 10 बजे बंद होंगे रेस्तरां

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बेकरी, रेस्तरां, तंदूर और अन्य भोजनालय रात 10 बजे बंद रहेंगे। विवाह हॉल, टेंट और अन्य व्यावसायिक स्थल जहां शादियां होती हैं, वे भी रात 10 बजे के बाद बंद रहेंगे। इसके अलावा, निजी संपत्तियों और घरों में रात 10 बजे के बाद शादी समारोह आयोजित करने पर प्रतिबंध रहेगा। चिकित्सा दुकानों और दवा दुकानों के खुलने का समय इन प्रतिबंधों से मुक्त रहेगा।

रायपुर
बुधवार 8 अप्रैल 2026
बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 257
पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 37.5
न्यून. 23.7

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अफ्रीकन स्वाइन बुखार से 300 सुअरों की मौत, 150 को इंजेक्शन देकर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जामुल स्थित नारधा-मुड़पार में सुअर फार्म में वायरस के कारण तीन सौ से अधिक सुअरों की मौत हो गई। खबर है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर के कारण यह मौतें हुईं। सोमवार को पशुपालन विभाग की टीम मुड़पार पहुंची। अधिकारी और डॉक्टरों ने पीपीई किट पहनकर शूकर फार्म की जांच की। बचे हुए करीब 150 से ज्यादा सूअरों को इंजेक्शन देकर मार दिया गया। सभी को मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत दफनाया गया। नारदा मुड़पार सूअर पालन ▶▶ शेष पेज 7 पर

खास खबर

संक्रमण का खतरा बढ़ा, आसपास के क्षेत्रों में नियमित की जा रही जांच

सैंपल भोपाल भेजा गया

सूचना मिलने के बाद तुरंत सैंपल भोपाल के एनिमल डिजीज लैब भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है, संक्रमण को आगे फैलने से रोकने के लिए फार्म को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। - **वसीम शम्स**, डिप्टी डायरेक्टर, पशुपालन विभाग दुर्ग



इलाज और न ही टीका बना है

सुअर से सुअर में फैलने वाली बीमारी है। अब तक कोई इलाज और न ही टीका बना है। जिस फर्म में संक्रमण पाया जाता है।वहां के सुअरों को मारकर जमीन में दफनाया जाता है।
- **पीओ जॉय**, शूकर फार्म संचालक

इंसानों में नहीं फैलता है संक्रमण : विशेषज्ञ

पीओ जॉय ने विभाग को घटना की सूचना दी, ताकि बीमारी और अधिक न फैले। विशेषज्ञों ने बताया कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर एक पुरानी और बेहद खतरनाक बीमारी है। जिसका अभी तक दुनिया में कोई वैक्सीन या इलाज उपलब्ध नहीं है। यह बीमारी लगने के बाद सभी सूअरों की मौत हो जाती है। यह केवल सूअरों में ही फैलती है और इंसानों या अन्य जानवरों को प्रभावित नहीं करती। उन्होंने बताया कि सूअर के मांस की खपत काफी अधिक है। हर दिन महाराष्ट्र और नागपुर की ओर से बड़ी मात्रा में सूअर यहां लाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह वायरस नोट और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी कुछ दिनों तक जीवित रह सकता है। इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।

सरकारी अफसर-कर्मियों को तनाव कम करने 12 दिनों की विशेष छुट्टी

विपश्यना शिविर में हो सकेंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, मानसिक तनाव कम करने और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य के अधिकारी-कर्मचारी विपश्यना ध्यान के 10 दिवसीय आवासीय शिविर में भाग लेने के लिए विशेष अवकाश प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों सहित राज्य सेवा के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे सेवाकाल में अधिकतम 6 बार ▶▶ शेष पेज 7 पर

- सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

इन शर्तों को करना होगा पालन

आवेदन के साथ संबंधित विपश्यना केंद्र की तरफ से जारी एडमिशन लेटर लगाना अनिवार्य होगा। शिविर पूरा होने के बाद कम्प्लीशन सर्टिफिकेट कार्यालय में जमा करना होगा। प्रमाण पत्र जमा नहीं करने पर अवकाश को अन्य अर्जित छुट्टियों में समायोजित कर दिया जाएगा।

यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा

अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा, शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसे ध्यान में रखकर दी जाएगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

विमान के शौचालय से दो करोड़ का गांजा जब्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक 'संदिग्ध' गांजा जब्त किया है। यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी।

अलफलाह के अध्यक्ष की 39 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक घर, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है। इनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपए से ज़्यादा है। ईडी ने एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है। इन संपत्तियों में दिल्ली के जामिया नगर में एक घर, फरीदाबाद के धौज इलाके में खेती की जमीन और कुछ बैंक खातों में जमा रकम और सावधि जमा के पैसे शामिल हैं।

रिश्वत, जीएसटी अधिकारी और सहायक गिरफ्तार

मुंबई। नवी मुंबई भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने एक सॉफ्टवेयर डेवलपर से कथित तौर पर 9,000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में जीएसटी अधिकारी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। कोंकण भवन में तैनात द्वितीय श्रेणी अधिकारी अमित भानुदास गिरि (45) और उनके सहयोगी वैशाली वसंत कदम (39) को सोमवार को रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए पकड़ा गया।

चीन-रूस का होर्मुज खोलने की मांग पर वीटो, संयुक्त राष्ट्र में गिरा प्रस्ताव

ट्रंप ने कहा- पूरी सभ्यता का हो जाएगा अंत, मसूद बोले- मेरे समेत 1.4 करोड़ ईरानी जान देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वाशिंगटन

अमेरिका ने एक बार फिर ईरान के तेल उद्योग के लिए अति अहम खार्ग द्वीप पर हमला किया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को मांगों को मानने या बड़े हमले का सामना करने के लिए निर्धारित की गई समय सीमा से कुछ घंटे पहले हुए। इस बीच ट्रंप ने मंगलवार सुबह एक बार फिर धमकी दी कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया तो पूरी सभ्यता आज रात ही खत्म हो जाएगी। ट्रंप ने द्वीप पर महत्वपूर्ण तेल अवसंरचना पर कब्जा करने के लिए जमीन पर सैनिकों को भी उतारने की धमकी दी है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के अभियान में कई अमेरिकी सैन्य कर्मियों की जान जाएगी और यह युद्ध को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम नहीं होगा। इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के क्रिटिकल थ्रेट्स प्रोजेक्ट द्वारा उपग्रहों से प्राप्त तस्वीरों के आधार पर किये विश्लेषण के मुताबिक युद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका ने द्वीप पर कई ठिकानों पर हमला किया था, जिनमें हवाई सुरक्षा, एक रडार साइट, एक हवाई पट्टी और एक होवरक्राफ्ट बेस शामिल थे। इससे पहले अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने एक खबर में कहा था कि खार्ग द्वीप पर कई विस्फोट हुए हैं।

- खर्ग द्वीप के साथ कई ठिकानों पर हमला

> अमेरिकी सेना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डेडलाइन खत्म होने से पहले ही ईरान के ऑयल हब खर्ग द्वीप पर हमला किया है। द्वीप पर स्थित ईरानी सेना के बंकरों, मिलिट्री अड्डों, मिसाइल लॉन्चरों को निशाना बनाया गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि एक पूरी सभ्यता का अंत हो सकता है। इधर, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं।

युद्ध का ऐसा असर

अब तक 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारतीय एयरलाइन कंपनियों की 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त सचिव आव ने बताया कि पहले भारतीय एयरलाइन कंपनियां पश्चिम एशिया के लिए रोजाना 300-350 उड़ानें संचालित करती थीं, जो अब घटकर केवल 80-90 रह गई हैं। संघर्ष के कारण इजराइल, जॉर्डन, लेबनान, कुवैत, कतर, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में हवाई क्षेत्र बंद या सीमित कर दिया गया है।

अल्बोर्ज प्रांत में 18 की मौत

ईरान की राजधानी तेहरान के उत्तर पश्चिमी अल्बोर्ज प्रांत में हुए एक हवाई हमले में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। इस हमले में 24 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। हालांकि, तुरंत यह स्पष्ट नहीं हो सका कि हमले में किसे निशाना बनाया गया था। पिछले कुछ समय से ईरान की राजधानी तेहरान पर लगातार तीव्र हवाई हमले हो रहे हैं, जिनमें पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित संभावित हथियार भंडार और रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया गया है।

ट्रंप ने फिर कहा, ईरान के पास आत्मसमर्पण का मौका

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो सकता है, लेकिन वाशिंगटन में रात 8 बजे की समय सीमा से पहले ईरान के पास आत्मसमर्पण करने का मौका है। अमेरिकी नेता ने मंगलवार को यह सख्त चेतावनी जारी की, जो ईरान के लिए दी गई समय-सीमा से लगभग 12 घंटे पहले आई है। इस समय-सीमा के तहत ईरान को 'होर्मुज जलडमरूमध्य' को फिर से खोलने सहित एक समझौते पर सहमत होने को कहा गया है, अन्यथा उसे दंडात्मक हमलों का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा, आज रात एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता, लेकिन शायद ऐसा ही होगा।

खर्ग द्वीप पर दूसरी बार हमला

पिछले महीने भी अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर हमले किए थे, जिनमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों में नौसेना की बारूदी सुरंगों के भंडारण स्थल और मिसाइल बंकर नष्ट हो गए थे, जबकि तेल से जुड़े बुनियादी ढाँचे को शुरू में काफी हद तक बख्श दिया गया था।

ईरान के कई शहरों में बिजली आपूर्ति ठप

ईरान के कराज शहर में अमेरिकी हमले से ट्रांसमिशन लाइनों को नुकसान पहुंचा है, जिस वजह से शहर के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इससे पहले इजरायल की चेतावनी के बाद ईरान में रेल सेवाएं भी बाधित हो गईं थीं।

ईरान के राष्ट्रपति का ट्रंप को करारा जवाब

अमेरिका की आसन्न समयसीमा के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। सरकार युद्ध के दौरान संदेशों और मीडिया के जरिए लोगों से इस तरह के स्वयंसेवी अभियान में शामिल होने की अपील कर रही है। लगभग नौ करोड़ की आबादी वाले ईरान में कई लोग सरकार से नाराज भी हैं, खासकर देशभर में हुए प्रदर्शनों पर की गई सख्त कार्रवाई को लेकर। माना जा रहा है कि 1.4 करोड़ का यह आंकड़ा संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया है। पेजेश्कियन ने कहा, 1.4 करोड़ से अधिक ईरानी लोगों ने अभियान में अपनी जान देने के लिए तैयार रहने का इरादा जताया है। मैं भी ईरान के लिए अपनी जान देने के लिए पहले भी तैयार था, अब भी हूं और आगे भी रहूंगा।

मंत्री का रिश्तेदार बताकर पति पत्नी ने की 23 लाख की ठगी

मंत्रालय में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लोगों से ली रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छग के कृषि मंत्री का रिश्तेदार बताकर पति-पत्नी ने चार लोगों से करीब 23 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। पति-पत्नी ने अपनी पहुंच के दम पर मंत्रालय में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। नौकरी पाने की लालच में चार लोगों ने 23 लाख गंवा दिए। आधा पैसा लेने के बाद आरोपी पति-पत्नी ने घर बुलाकर उनको फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया, लेकिन जब ज्वाइनिंग के लिए घुमाने लगा तो ठगी की आशंका हुई और कोतवाली ▶▶ शेष पेज 7 पर

- घर बुलाकर दिखाया फर्जी नियुक्ति पत्र, ज्वाइनिंग के लिए घुमाते रहे आरोपी
- कोतवाली थाने में मामला दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

तलाश जारी

आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही पुलिस उन तक पहुंच जाएगी।
-**सुखनंदन पटेल**, टीआई कोतवाली

अपने गांव बुला लिया आरोपी ने

रायगढ़ के सभी लोगों को आरोपी ने अपने गांव महासमुंद जिले के भद्ररसी बुला लिया। सभी बीते 1 दिसंबर 2025 को उसके गांव पहुंच गए। उनको फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाया गया। बाकी रकम की मांग की। उसने बोला ज्वाइनिंग से पहले बाकी रकम देना जरूरी है। उनको 12 दिसंबर 2025 को ज्वाइनिंग करने की तारीख भी बताया। 8 दिसंबर को सभी लोगों ने 8 लाख 77 हजार 500 रुपए दे दिया।

पुलिस ने कांग्रेस नेता खेड़ा के आवास पर की छापेमारी

नई दिल्ली। असम पुलिस की एक टीम मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। यह कार्रवाई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था।

'पाताल' से भी ढूंढ निकालेगी पुलिस

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पुलिस खेड़ा को 'पाताल' से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन 'फर्जी दस्तावेजों' के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था। शर्मा ने असम के शिवसागर में एक चुनावी जनसभा से इतर कहा,''पवन खेड़ा ने असम पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी, लेकिन अब वह हैदराबाद भाग गए हैं।

पश्चिम बंगाल से हटाए गए 91 लाख

चुनाव आयोग की जिलेवार सूची जारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद करीब 91 लाख मतदाताओं को सूची से बाहर कर दिया गया है। बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सबसे अधिक मतदाता 4.55 लाख मुर्शिदाबाद से हटाए गए हैं, जो अल्पसंख्यक बहुल जिला है। आयोग ने पहली बार नाम हटाने की जिलेवार सूची भी जारी की है। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 23 व 29 अप्रैल को होगा। पहले चरण में 152 और दूसरे चरण में 142 सीटों पर मतदान होगा।

ममता बोलीं- कानूनी लड़ाई जारी रहेगी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट पर कहा है कि एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों से जिनके नाम हटाए गए, तृणमूल कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी; न्यायाधिकरणों में कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली में कहा कि बंगाल में विशेष समुदायों के लोगों के नाम एसआईआर में काटे गए।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

बम हमले में दो बच्चों की मौत भीड़ ने फूंके तेल के 3 टैंकर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के मोइरांग इलाके में एक बार फिर हालात खराब हो गए हैं। बीती रात करीब 1 बजे मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में कुछ संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर पर बम फेंक दिया। इस घटना में एक 5 साल के एक लड़के और 6 महीने की बच्ची की मौके पर ही जलकर मौत हो गई जबकि उनकी मां इस हादसे में बुरी तरह झुलस गई है। इस दर्दनाक घटना के बाद गुस्साए गांव के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस चौकी और तेल से भरे तीन टैंकरों में आग लगा दी, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। इलाके में अभी भी तनाव है।

पुलिस चौकी पर भी हमला

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मोइरांग थाने के सामने टायर जलाकर विरोध जताया। इतना ही नहीं, एक अस्थायी पुलिस चौकी को भी नुकसान पहुंचाया गया। स्थिति को काबू में करने के लिए इलाके में भारी पुलिस और सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मंगलवार को ट्रोंग्लाओबी के पास के इलाके से एक विस्फोटक उपकरण भी बरामद किया गया है। इससे साफ है कि इलाके में खतरा अभी भी बना हुआ है।

सबरीमला मामले में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना की टिप्पणी

महिला को तीन दिन के लिए नहीं माना जा सकता 'अछूत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश बी. वी. नागरत्ना ने मंगलवार को कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि किसी महिला को महीने में तीन दिन अछूत माना जाए और फिर चौथे दिन अछूत मानना बंद कर दिया जाए। यह टिप्पणी तब आई जब नौ न्यायाधीशों की एक पीठ केरल के सबरीमला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस संविधान पीठ में प्रधान न्यायाधीश ▶▶ शेष पेज 7 पर

2018 में हटा दिया था रोक

सितंबर 2018 में, पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से सबरीमला अय्यप्पा मंदिर में 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को हटा दिया था। कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा अवैध और असंवैधानिक है। चौदह नवंबर 2019 को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने 3:2 के बहुमत से विभिन्न उपासना स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मुद्दे को एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया था।

केंद्र ने महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक का किया समर्थन

केंद्र ने शुरुआत में ही सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक का समर्थन किया। सरकार ने कहा-2018 में सभी वर्ग की महिलाओं को एंट्री देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। यह मामला पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदाय के अपने अधिकार से जुड़ा है। अदालतें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के मामले में दखल नहीं दे सकतीं। अगर कोई प्रथा गैर-वैज्ञानिक लगती है, तो उसका हल संसद या विधानसभा के पास है, न कि अदालत के पास।

सुप्रीम कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा- इस मामले में अनुच्छेद 17 यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को अछूत माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई अछूतपन न रह जाए।

घेराबंदी के बाद अलर्ट

नागपुर में संघ मुख्यालय के पास विस्फोटक का जखीरा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय से 2 किलोमीटर दूर विस्फोटकों का जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इलाके में नियमित निगरानी के दौरान विस्फोटक सामग्री देखी गई थी, जिसके बाद तुरंत बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक टीमों बुलाया गया। इलाके में घेराबंदी की गई और अलर्ट जारी किया गया है। सुबह सीए रोड स्थित दोसर भवन चौक के एक घर के छोटे गार्डन में विस्फोटक मिलने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान 15 जिलेटिन छड़ें, 58 डेटोनेटर और 8 कनेक्टर बरामद हुए हैं।

हर कोण से हो रही जांच

पुलिस ने बताया कि यह इलाका बेहद संवेदनशील है। जहां विस्फोटक मिला है, वहां से 200 मीटर दूर जामा मस्जिद, 500 मीटर दूर पोद्दारेश्वर राम मंदिर और 2 किलोमीटर दूर आरएसएस मुख्यालय है। पुलिस ने संभावना जताई है कि हाल में यहां के काटोल इलाके में एसबीएल कंपनी में विस्फोटक हादसा हुआ था, जहां डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक बनते हैं। ऐसे में यह विस्फोटक कंपनी का बताया जा रहा है। पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है।

चिंतन

मणिपुर हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पूर्वोत्तर का संवेदनशील राज्य मणिपुर लगभग तीन वर्षों से जिस हिंसा की आग में सुलग रहा है, वह अब केवल कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रह गया, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। कुकी समुदाय और मैतेई समुदाय के बीच अविश्वास और वैमनस्य इस हद तक बढ़ चुका है कि सामान्य नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हिंसा का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। इन हालातों ने राज्य को अस्थिरता के भंवर में धकेल दिया है। विभिन्न जातियों के संगठन अपने हितों के लिए हिंसा को समर्थन दे रहे हैं। इसके कारण राज्य के सभी विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। हिंसा के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। चूंकि हाल ही में एक अमेरिकी और 6 यूक्रेनी नागरिकों का पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है कि ऐसी ताकतें भी राज्य में अस्थिरता फैला रही हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थों का अवैध व्यापार भी हिंसा की आग में घी का काम करता है। मादक पदार्थों से मिलने वाली आय से ऐसी घटनाओं को बल मिलता है। मंगलवार को दो मासूम बच्चों को निशाना बनाकर हत्या करना दर्शाता है कि हिंसा फैलाने वाले नहीं चाहते कि राज्य में अमन-चैन रहे। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग इलाके में घर के भीतर सो रहे मासूम बच्चों पर बम फेंककर उनकी हत्या कर देना किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक है। पांच साल के एक बच्चे और छह महीने की नवजात की मौत केवल एक घटना नहीं, बल्कि यह इस बात का भयावह संकेत है कि हिंसा अब अपनी सारी सीमाएं लांघ चुकी है। बच्चों पर हमला उस स्थान पर किया गया है, जहां 2023 में जातीय हिंसा भड़की थी। यह साफ है कि यह हिंसा साजिशन है, क्योंकि ये बच्चे किसी भी हिंसा में शामिल नहीं थे और न ही इनका किसी से कुछ लेना-देना था। घटना के बाद जिस प्रकार विरोध प्रदर्शन हिंसक हो उठे, वाहनों को जलाना, पुलिस चौकियों पर हमला करना और यहां तक कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप पर हमला करना वह स्थिति की गंभीरता को और बढ़ाता है। जवाबी फायरिंग में जान गंवाने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि हिंसा की आग अब नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस निरंतर हिंसा ने राज्य के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग हर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। हजारों लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई छूट रही है और एक पूरी पीढ़ी असुरक्षा और भय के साये में पल रही है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अस्वीकार्य है। सरकार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक रणनीति अपनाए। जिस तरह देश ने नक्सलवाद पर सख्ती और समन्वित प्रयासों के जरिए काफी हद तक नियंत्रण पाया, उसी तरह मणिपुर में भी व्यापक और बहुस्तरीय कार्रवाई की जरूरत है। हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे किसी भी समुदाय या संगठन से जुड़े हों। साथ ही, केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई से समाधान संभव नहीं है। दोनों समुदायों के बीच संवाद बहाल करना, विश्वास निर्माण के उपाय करना और सामाजिक सौहार्द को पुनर्स्थापित करना उतना ही जरूरी है। स्थानीय नेतृत्व, नागरिक संगठनों और केंद्र सरकार को मिलकर एक साझा मंच तैयार करना होगा, जहां समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान खोजा जा सके।

प्रतिनिधित्व

ममता कुशवाहा

भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है। साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

लोकतंत्र में आधी आबादी की हिस्सेदारी

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल संख्या का खेल नहीं होता, बल्कि यह न्याय, समानता और समाज की सामूहिक आवाज़ का प्रतिबिंब होता है। भारत, जिसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, ने स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जब बात संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी की आती है, तो यह प्रगति असमान और कई बार निराशाजनक रूप से धीमी दिखाई देती है। जबकि महिलाएं देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, फिर भी उनकी उपस्थिति राजनीतिक संस्थाओं में अत्यंत कम है। ऐसे में महिलाओं के लिए आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक आवश्यकता बन जाती है।

साल 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम का पारित होना भारत के संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस कानून के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह कदम दशकों से चली आ रही उस संरचनात्मक असमानता को स्वीकार करता है, जिसने महिलाओं को राजनीति में उचित स्थान नहीं मिलने दिया। हालांकि, असली चुनौती इस कानून को पारित करने में नहीं, बल्कि इसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करने में है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, इस आरक्षण को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन से जोड़ा गया है, जो 2026 के बाद ही संभव है। इस शर्त के कारण यह आशंका पैदा होती है कि इस कानून का लाभ कई वर्षों तक टल सकता है। यहीं पर सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है कि आखिर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व के लिए और कितने समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए? भारत ने अपनी लोकतांत्रिक यात्रा की शुरुआत में ही दूरदर्शिता दिखाते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान मतदान का अधिकार दिया था। यह विश्व के सामने एक आदर्श उदाहरण था। लेकिन लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है; इसमें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है, लेकिन राजनीति में उनकी कम भागीदारी यह दर्शाती है कि सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अब भी मौजूद हैं। आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। वर्तमान में लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में यह प्रतिशत इससे भी कम है। यह कमी महिलाओं की योग्यता या इच्छा की कमी के कारण नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक सोच, संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पुरुष-प्रधान राजनीतिक ढांचे के कारण है। ऐसे में आरक्षण एक आवश्यक सुधार के रूप में सामने आता है, जो इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास करता है। हालांकि, इस आरक्षण को लागू करने की प्रक्रिया कई तकनीकी और संवैधानिक जटिलताओं में उलझी हुई है, जिनमें सबसे प्रमुख है परिसीमन का मुद्दा। परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि प्रतिनिधित्व संतुलित

रहे। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसे महिला आरक्षण से जोड़ना एक अनावश्यक बाधा बन गया है। चूंकि परिसीमन एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें समय और राजनीतिक सहमति दोनों की आवश्यकता होती है, इसलिए इसके पूरा होने तक इंतजार करना महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को टालने जैसा है। इस स्थिति से निकलने के लिए हमें प्रतिनिधित्व की अवधारणा को नए सिरे से समझने की आवश्यकता है। यदि आरक्षण को केवल भौगोलिक निर्वाचन क्षेत्रों तक सीमित न रखा जाए, तो एक मिश्रित प्रणाली अपनाई जा सकती है, जिसमें प्रत्यक्ष चुनाव और अनुपातिक प्रतिनिधित्व दोनों का समावेश हो। इस व्यवस्था में अतिरिक्त सीटें बनाई जा सकती हैं और उन्हें राजनीतिक दलों को उनके वोट प्रतिशत के आधार पर आवंटित किया जा सकता है, इस शर्त के साथ कि इन सीटों पर महिलाएं ही उम्मीदवार हों।

यह तरीका न केवल परिसीमन की आवश्यकता को टाल सकता है, बल्कि अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित कर सकता है। महिलाओं के लिए अतिरिक्त सीटों का निर्माण एक व्यावहारिक और नवोन्मेषी विचार है। इससे संसद की कुल सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को स्थान दिया जा सकता है, बिना वर्तमान सांसदों को हटाए।

इससे राजनीतिक विरोध की संभावना भी कम हो जाती है, क्योंकि मौजूदा सीटों पर कोई खतरा नहीं रहता। साथ ही, बढ़ती जनसंख्या और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुसार संसद के विस्तार की आवश्यकता भी पूरी होती है। नया संसद भवन, जिसे अधिक सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, इस दिशा में एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है। इस व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि यह जनता के जनादेश का सम्मान करता है। जब सीटों का आवंटन वोट प्रतिशत के आधार पर होगा, तो यह सुनिश्चित होगा कि प्रतिनिधित्व वास्तव में जनता की इच्छा को दर्शाता है। इससे राजनीतिक दलों को महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलेगी और धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति में समावेशिता बढ़ेगी। भारत जैसे विविध और विशाल देश में, जहां चुनौतियां भी जटिल हैं, वहां ऐसे नवाचारी उपाय आवश्यक हो जाते हैं। तकनीकी पहलुओं से आगे बढ़कर, हमें महिला आरक्षण के व्यापक प्रभाव को भी समझना चाहिए। जब अधिक महिलाएं संसद और विधानसभाओं में होंगी, तो नीति निर्माण में भी बदलाव आएगा। महिला आरक्षण को लागू करने में देरी अब किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकती। प्रक्रिया संबंधी कारणों का हवाला देकर इसे टालना इस सुधार की भावना के साथ अन्याय होगा।

यह भी समझना जरूरी है कि आरक्षण अपने आप में अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि समानता की ओर बढ़ने का एक साधन है। जैसे-जैसे समाज में बदलाव आएगा और महिलाओं के सामने खड़ी बाधाएं कम होंगी, वैसे-वैसे इस तरह के उपायों की आवश्यकता भी कम हो सकती है। लेकिन वर्तमान समय में, जब असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, तब आरक्षण एक अनिवार्य उपाय बन जाता है। संसद में महिलाओं के आरक्षण की यात्रा भारत के लोकतंत्र की परिपक्वता की परीक्षा भी है और उसके भविष्य को दिशा देने का अवसर भी। इसे तेजी से लागू करने के लिए केवल प्रशासनिक दक्षता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। यदि भारत इस दिशा में साहसिक कदम उठाता है, तो वह एक बार फिर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। अब सवाल यह नहीं है कि क्या हम यह कर सकते हैं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे बिना और देर किए करने का साहस दिखाएंगे।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

विवेक शुक्ला

सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसाइक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, "भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।" कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें "पर्यावरण के अनुकूल" विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, "कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।" प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है-विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। बगैस का हिंदी अर्थ खोई है, जो गन्ना या ज्वार का रस निकालने के बाद बचा हुआ सूखा, रेशेदार अवशेष होता है। यह मुख्य रूप से चीनी मिलों में ईंधन, बिजली उत्पादन, कागज़, लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री (डिस्पोजेबल प्लेट, कप) बनाने के लिए एक नवीकरणीय स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भारत में आसानी से उपलब्ध है। आप इसे देश के बड़े चीनी उद्योग का उप-उत्पाद कह सकते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि बगास से बने स्ट्रॉ के कई फायदे हैं। जैसा कि ये पूरी तरह प्लास्टिक-मुक्त और गैर-विषैले होते हैं, इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते और ये प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाते हैं और घर पर भी गल सकते हैं। ये कृषि अपशिष्ट से बनाए जाते हैं, जिससे बेकार चीज़ उपयोगी बन जाती है। ये रोज़मर्रा के उपयोग के लिए पर्याप्त मज़बूत होते हैं और पेय में कोई हानिकारक पदार्थ नहीं छोड़ते। सबसे अच्छी बात ये यह है कि बगास आधारित उत्पादों का उत्पादन पहले से ही बढ़ रहा है। पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की बढ़ती मांग और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर सख्त नियमों के कारण कई व्यवसाय अब ऐसे विकल्प अपनाने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज के उपभोक्ता अधिक जागरूक हो रहे हैं। वे उन ब्रांड्स को पसंद करते हैं जो वास्तव में पर्यावरण की परवाह करते हैं। व्यवसायों के लिए सुरक्षित विकल्प अपनाने से विश्वास और ब्रांड छवि दोनों में सुधार हो सकता है। सरकारी नीतियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। केवल प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाना पर्याप्त नहीं है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि "सुरक्षित" और "कम्पोस्टेबल" किसे कहा जाए। भ्रामक दावों पर नियंत्रण होना चाहिए और कृषि अपशिष्ट का उपयोग करने वाले उद्योगों को समर्थन मिलना चाहिए। अब समय है कि हम सुविधा से आगे बढ़कर जागरूक विकल्प चुनें-एक-एक घूंट के साथ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हम अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित
दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

जब मन हो अशांत, इष्टदेव का ध्यान करें

संकलित
प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

अंतर्मन

आज की पाती

शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

- सुरेश यादव, बिलासपुर

करंट अफेयर

यूक्रेन ने युद्ध के बीच बचाए गए चमगादड़ों को छोड़ा

कड़ाके की ठंड के बाद यूक्रेन के लोग युद्ध प्रभावित इलाकों से बचाए गए चमगादड़ों को अब छोड़ रहे हैं। राजधानी कीव के बाहरी इलाके में स्थित एक नेचर पार्क में रात ढलते ही बच्चे स्वयंसेवकों के आसपास इकट्ठा हो जाते हैं, जो कपड़े के थैलों को सावधानीपूर्वक खोलकर चमगादड़ों को अंधेरे आसमान में उड़ने के लिए छोड़ते हैं। प्रत्येक चमगादड़ के हवा में उड़ान भरने पर वहां मौजूद 1,000 से अधिक लोग तालियां बजाकर उसका स्वागत करते हैं। देश के पूर्वी हिस्सों के युद्धग्रस्त क्षेत्रों से बचाए गए सैकड़ों चमगादड़ों को शनिवार देर रात यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कार्यक्रमों के तहत छोड़ा गया, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ आयोजित किए गए थे।

'यूक्रेनियन बैट रिहैबिलिटेशन सेंटर' की स्वयंसेवक अनास्तासिया वोल्क ने कहा कि यह कार्यक्रम संगठन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये जीव संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल हैं और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। यूक्रेन में चमगादड़ों की सभी 28 प्रजातियों को इनकी घटती संख्या के कारण संरक्षित जीवों की सूची में रखा गया है। कई लोगों के लिए यह कार्यक्रम कड़ी सर्दियों के बाद राहत का अवसर था। सर्दियों में शून्य से नीचे तापमान, रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले तथा बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

ऑफ बीट

हमारी दृष्टि एक-आंख वाले पूर्वज कीड़े से हुई विकसित

काफी समय से माना जाता रहा है कि इंसानों और अन्य कशेरुकी जीवों की आंखें, अकशेरुकी जीवों की आंखों से बुनियादी रूप से अलग होती हैं, क्योंकि

उनकी कोशिकाओं की संरचना और जन्म से पहले उनके विकसित होने का तरीका अलग होता है। हमारे अध्ययन से संकेत मिलता है कि हमारी आंखों की जड़ें एक ऐसे कीड़े जैसे पूर्वज से जुड़ी हैं, जो करीब 60 करोड़ साल पहले समुद्रों में विचरण करता था। हमने पाया कि ज्यादातर जीवों में आंखें और रोशनी महसूस करने वाली कोशिकाएं दो जगहों पर होती हैं- एक चेहरे के दोनों तरफ (जोड़ी में) और दूसरी सिर के बीच में, मस्तिष्क के ऊपर। हमने जिन जीवों का अध्ययन किया, उनमें चेहरे के दोनों तरफ मौजूद ये कोशिकाएं शरीर की गतिविधियों को दिशा देने में मदद करती हैं, जबकि बीच में मौजूद कोशिकाएं दिन और रात के फर्क के साथ-साथ ऊपर-नीचे की पहचान करने में सहायक होती हैं। हमारे निष्कर्ष के मुताबिक, सभी कशेरुकी जीवों के कीड़े जैसे पूर्वज ने करीब 60 करोड़ साल पहले जब समुद्र की तलहटी में बिल बनाकर स्थिर जीवन जीना शुरू किया, तो उसने दिशा नियंत्रित करने वाली अपनी जोड़ी आंखें खो दीं। दरअसल, जब यह जीव एक जगह रहकर पानी से बीन-बीनकर भोजन हासिल करने लगा, तो उसे चलने-फिरने की जरूरत नहीं रही।

ट्रेंड

पाक के टुकड़े होंगे

पाकिस्तान एक बार खामियाजा भुगत चुका है। आज से 55 वर्ष पहले पाकिस्तान दो टुकड़ों में खण्ड-खण्ड हो गया था। अगर उन्होंने हमारे बंगाल की तरफ नजर उठाकर देखने की कोशिश की तो कितने टुकड़े होंगे, यह ऊपर वाला ही जानता है।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

तकनीकी उत्कृष्टता

भारत परमाणु शक्ति के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग करके, भारत ऊर्जा क्षेत्र में वर्चस्व और दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

स्वास्थ्य सेवा प्रणाली

नर्सें हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की आधारशिला हैं। उनका समर्पण, निस्वार्थ भाव और सहानुभूति ही परिवारों को अपने प्रियजनों को उनकी देखभाल में सौंपने का सुरक्षित एहसास दिलाती है।

- राहुल गांधी, सांसद, सपा

शिक्षामित्रों का हक़

भाजपा सरकार ने 9 साल शिक्षामित्रों का हक़ मारा और अब बढ़ाया भी तो भी सपा सरकार से 22 हज़ार कम है। अब जब भाजपा सरकार का परमानेन्ट रिटायरमेंट होने वाला है तब ये शिक्षामित्रों के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

मुंबई। अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style

तृषा
अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

हॉलीवुड मसाला

घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

लॉस एंजिल्स। 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।

बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लॉस एंजिल्स। बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।

कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

मुंबई। मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।

आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

मुंबई। मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

नई दिल्ली। दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए।

अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

मुंबई। कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है??

एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।

रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

नई दिल्ली। 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत

का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

नई दिल्ली। दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम

लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।' इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। दिशा वकानी के पिता गुजराती थियेटर्स आर्टिस्ट थे।

ANJANEYA UNIVERSITY
KNOWLEDGE VILLAGE NARDAHA, NEAR VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR

Ph.D. ADMISSION NOTIFICATION SESSION JAN-2026

Eligible candidates are invited to apply online for the Ph.D. Programme Entrance Test 2026 at https://anjaneyauniversity.ac.in with a fee of Rs.1500/-. Candidates with valid UGC-NET/SET/GATE or equivalent scores are exempted from the entrance test but must still apply online and attend the interview.

Available seats in various disciplines for Ph.D programme are below

Biochemistry	04	Hotel Management	04
Biotechnology	06	Journalism and Mass Communication	01
Botany	05	Law	09
Chemistry	08	Library Science	02
Civil Engineering	04	Management	19
Commerce	09	Mathematics	06
Computer Science	02	Mechanical Engineering	11
Computer Science Engineering	12	Microbiology	03
Economics	06	Pharmacy	06
Education	15	Physics	05
Electrical & Electronic Engineering	01	Political Science	09
English	08	Psychology	04
Geography	04	Sociology	06
Hindi	06	Yoga	03
History	05	Zoology	09

NO. OF SEATS MAY VARY AT THE TIME OF DRC/RDC

IMPORTANT DATES

Release of Admission announcement	02-04-26
Commencement of online application submission	02-04-26
Last date for submitting online application	16-04-26
Downloading of Hall tickets for written test	16-04-26
Entrance Examination (Written test)	18-04-26
Interview	25-04-26
Notification of list of selected/waitlisted candidates on the website	28-04-26
Admission counselling/Document verification	04-05-26
Commencement of classes	08-05-26

For details including courses offered, eligibility, criteria, prescribed fee and entrance test, syllabus, please visit university website https://anjaneyauniversity.ac.in

सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में बांसगीत का सामाजिक सन्दर्भ

कला जगत
डा. सोमनाथ यादव

छत्तीसगढ़ी बांसगीत और गाथाओं में इतिहास और संस्कृति के पृष्ठभूमि में सामाजिक सन्दर्भ उभरता है। यदुवंशियों की अलौकिक वीरता, शरीर सौष्ठव, पहनावा, खानपान, उत्सव और रीति रिवाज सभी में उसका सामाजिक सन्दर्भ उभरकर आता है। इनके शौर्य प्रदर्शन के आधार पर विरोचित पहनावा झलकता है। रंग बिरंगी पगड़ी, उसके ऊपर लहराती कलगी, मोर पंख, कौड़ी, कांच से बनी साज सज्जा, लाठी, घुटनों तक कसी और बंधी धोती पर उसका नर्तन, शस्त्रों का प्रदर्शन, प्राचीन और पारम्परिक युद्ध कला को जीवंत कर जाता है।

इसी तरह प्राचीन मड़ई का सम्बन्ध वेद की इंद्र ध्वज परंपरा से जोड़ा जाता है। इसमें मोर पंख आर्य संस्कृति, कौड़ी द्रविड़ और मुर्गा आदिवासी या निषाद संस्कृति का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति में तीनों तत्व समाहित हैं। बांसगीत और लोक कथाओं में लोक कीर्तन परंपरा की झलक मिलती है। बांस से लोक वाद्य बना कर उसे बजाना, बंशी वादन के भी पहले की परंपरा प्रतीत होती है। इसलिए इसमें आध्यात्म, इतिहास और संस्कृति के बहाने जातीय गौरवगाथा का प्रदर्शन होता है। बांसगीत की यह विशिष्टता है कि इसमें जहां सार्वदेशिक और प्रख्यात चरित्रों का महिमामंडित गान समाहित हैं, वहीं क्षेत्रीय और ग्रामीण विभूतियों के कार्यों का चित्रण है।

लोक साहित्य
डा. सुधीर पाठक

सरगुजिहा को उपबोली मानने के प्रामाणिक तथ्य

सदरी सरगुजा जिले के शंकरगढ़, कुसमी और चांदो प्रखंड के आमजन की संपर्क भाषा है। यह बोली सम्पूर्ण जशपुर, पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र, गुमला जिला तथा रांची जिला के दक्षिणी भाग के आमजन की संपर्क भाषा है। यहां के अधिकांश निवासी आग्नेय परिवार के भाषा भाषी भी हैं, यथा - कोरवा, कोडकू, मुंडा और उराव आदि। इनकी अपनी जातीय भाषियों के संपर्क में आए बोलियां भी है। यह लोग जब आर्य भाषा भाषियों के संपर्क में आए तब से एक नई बोली का जन्म हुआ, जिसे सरगुजा और जशपुर में सदरी के नाम से जाना जाता है। तथा गुमला और रांची में छोटा नागपुरी या नागपुरिया नाम दिया गया। व्याकरण के आधार पर दोनों एक ही हैं तथा सदरी की समानता सरगुजिहा से है। इसके अतिरिक्त पश्चिम में छत्तीसगढ़ी का प्रभाव पड़ने लगता है। तीसरा कारण यहां के अनार्य भाषा भाषी आदिवासियों की बोली है। यही भाषा जशपुर के उत्तर तथा पूर्व में बोली जाती है।

इतिहास के पन्नों में कांकेर रियासत

ऐतिहासिक
निर्मलकांत श्रीवास्तव

कांकेर का प्राचीन नाम शिलालेख व ताम्र पत्रों में कांकेर या काकरय लिखा हुआ है। यदि यह नाम संस्कृत के काक्स का अपभ्रश हो तो इसका अर्थ होता है कौए का शोर वाला स्थान। इससे स्पष्ट होता है कि पहले समय में यहां कौओं का बड़ा शोरगुल होता रहा हो। इसके उत्तरी भाग में दुर्ग, पूर्व में रायपुर जिला, दक्षिण बस्तर और पश्चिम में चांदा जिला। कांकेर राजवंश सोमवंशी क्षत्रिय था। किवंदती है कि राज्य के प्रथम अधिश्वर वीर कांहरदेव जगन्नाथपुरी के राजा थे। पर कुष्ठ रोग से ग्रसित होने के कारण उन्हें अपना राज्य त्याग करना पड़ा। स्वास्थ्य लाभ की तलाश में प्रवास करते हुए वे सिहावा आ पहुंचे, जहां श्रृंगी ऋषि का आश्रम प्राचीन समय से रहा है। और वे सिहावा की जनता के अनुरोध पर यहां राज्य करने लगे, जो 18 पीढ़ी तक इस वंश में चलता रहा। पर सिहावा में प्राप्त एक शिलालेख से जो शक संवत 1114 में उत्कीर्ण किया गया था। इससे यह प्रमाणित होता है कि वहां इस वंश का राज्य कुछ समय तक अवश्य रहा होगा। कहते हैं कि इस घराने के तीसरे राजा ने कांकेर परगना को अपने राज्य में सम्मिलित कर सिहावा से कांकेर राजधानी उठा लाया, जो प्राचीन काल में कंकन कहलाता था।

गांव की कहानी
पुनूराम ' राज '

मगर के समान लोटने से नाम पड़ा मगरलोड

एक समय का अत्यंत पिछड़ा ग्राम को सितंबर 2008 को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त हुआ 1 इस गांव के नामकरण के पीछे जनश्रुति है कि पहले यहां चारों तरफ मगरलोटा नामक पत्ती युक्त घास की बहुलता हुआ करता था ल आज भी यहां नाला के किनारे घास पाया जाता है ल इसी मगरलोटा नामक घास की अधिकता के कारण इसका नाम मगरलोट पड़ा, जो आगे चलकर मगरलोड हो गया।

एक अन्य जनश्रुति के अनुसार पति पत्नी जंगल के कंदमूल और कोदो कुटकी खाकर जीवन यापन करते थे, और साधु के सेवा सत्कार में लगे रहते थे। इससे साधु ने प्रसन्न होकर वरदान दिए। वरदान के लिए शर्त था कि सबेरा होने का संकेत मिलते ही चारों तरफ घेरा बना कर दौड़ना प्रारम्भ कर सूर्य निकलने के बाद साधु के चरणों में मगर के समान लोटना था। यह भक्त ऐसा ही किया। जितने क्षेत्र में भक्त दौड़ लगाया उतना क्षेत्र भक्त को दिया, और मगर के समान लोटने के कारण इस स्थल का नाम मगरलोट कहलाया। बोलचाल में सुविधा कि दृष्टि से लोगों ने गांव का नाम मगरलोड कर दिया।

पुरातात्विक : घनश्याम नाग

बड़े डोंगर के प्राचीन धरोहरों में नकटी देवरली

हल्बी भाषा में मंदिर को देवरली कहा जाता है और जिसकी नाक कटी हो उसे नकटी। भैंसा दोंद डोंगरी के दक्षिण में तालगुंडरा के नीचे एक प्राचीन मंदिर के भगनावशेष बिखरे पड़े हैं। प्रस्तर खंडो के इस मंदिर के सम्बन्ध में जनश्रुति है कि माई दंतेश्वरी मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तभी से नकटी देवरली मंदिर का निर्माण भी शुरू हुआ। माई जी का मंदिर बन कर तैयार हो गया, लेकिन अब देख कर लोग शिव मंदिर का अनुमान लगाते हैं जो अधूरा रह गया। मंदिर बनाने में पिछड़ जाने के कारण निर्माणकर्ताओं ने शर्म महसूस किया और इसे अधूरा ही छोड़ दिया। तब से इस बिखरे मंदिर को नकटी देवरली कहते हैं, उपहास और उपेक्षा से यह कलात्मक मंदिर उजाड़ हो गया। तरासे गए प्रस्तर खंड आसपास बिखरे पड़े हैं, गर्भ गृह का कुछ हिस्सा बचा हुआ है। लेकिन किसी देवी देवता का विग्रह स्थापित नहीं है इसलिए यहां कभी पूजा या जातरा भी आयोजित नहीं की जाती। अब इस प्राचीन धरोहर पर बड़ी बड़ी झाड़ियां ऊग आई हैं, जिससे इसके प्राचीन भव्यता का अंदाजा लगाना आसान नहीं है।

लोकगीत
डा. पी. सी. लाल यादव

बस्तर अंचल में गाए जाते हैं चइत परब गीत

छत्तीसगढ़ में जनजातियों की बहुलता है। यह जनजातियां आज भी अपनी आदिम प्रवित्तियों और परंपराओं के साथ घने जंगलों में निवास करती हैं। इनके रीति रिवाज, उत्सव, पर्व, रहन सहन, गीत संगीत लोगों के लिए कौतूहल और आकर्षण के विषय हैं। यह भोलेभाले, सहज सरल और आत्मीय होते हैं। धरती की तरह सहनशील, पर्वत की धैर्यवान और गंगा जल की तरह पवित्र और चरित्र वान। छत्तीसगढ़ का बस्तर अंचल तो आदिम संस्कृतियों का भंडार है। यहां मुरिया, माड़िया, भतरा, हल्बा आदि जनजातियां निवास करती हैं, इनमें गीत संगीत और नृत्य की विशिष्ट परंपराएं हैं। इसमें चैत्र माह में चइत परब गीत गाने की परंपरा है -

ए लेकी चो खेलुक जातोर, केबइ नी फिटे...
फिटू आय कसन जाले, ए चंपा फूलों, ए मोंगरा फूलों...
सरली रे जुआन लेकी बाय जन जालो...
ए लेका चो बुलुक जाटोर, केवइ नी फिटे... फिटू आय कसन जाले, ए डूमर फूलो ए सेमर फूलो...
सरली रे खोडया लेका बाय जन जालो...।

सुरता : स्वराज करुण

छत्तीसगढ़ की जेल में जन्मी थी ' पुष्प की अभिलाषा '

प्रसिद्ध कर्मवीर कवि पण्डित माखनलाल चतुर्वेदी की लोकप्रिय कविता 'पुष्प की अभिलाषा ' का जन्म छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित केन्द्रीय जेल में हुआ था। आज़ादी के आंदोलन के दौरान बिलासपुर के शनिचरी मैदान में एक विशाल आम सभा हुई थी,जहां चतुर्वेदी जी ने भारत में अंग्रेजी साम्राज्य की बत्ती जल्द गुल होने और स्वतंत्रता का सूर्योदय जल्द होने का ऐलान किया था। इस पर तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत ने उन पर राजद्रोह का आरोप लगाकर उन्हें गिरफ़्तार कर लिया।

चतुर्वेदी जी 5 जुलाई 1921 से एक मार्च 1922 तक लगभग 8 महीने बिलासपुर के सेन्ट्रल जेल में कारावास में रहे। वहीं उन्होंने 'पुष्प की अभिलाषा ' शीर्षक अपनी प्रसिद्ध कविता की रचना की ,जिसमें एक पुष्प के माध्यम से देशवासियों की स्वतंत्रता की चाहत और मातृभूमि की आज़ादी के लिए अपना शीश चढ़ाने की तीव्र उत्कंठा प्रकट की गयी है। यानी यह कविता लगभग सौ साल से भी कुछ पहले कवि माखनलाल चतुर्वेदी के कारावास काल में उनके हृदय से निकली थी।

चतुर्वेदी जी का जन्म 4 अप्रैल 1889 को वर्तमान मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले के ग्राम बाबई में हुआ था। उनका निधन 30 जनवरी 1968 को हुआ । चतुर्वेदी जी कवि होने के साथ -साथ लेखक और पत्रकार भी थे। उन्होंने वर्ष 1906 में अध्यापक के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की ,लेकिन लोकमान्य बालगंगाधर तिलक और महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान उन्होंने 'प्रभा ' 'प्रताप ' और 'कर्मवीर



' नामक पत्रिकाओं का भी सम्पादन किया। पण्डित माखनलाल चतुर्वेदी ने सैकड़ों कविताएँ लिखीं । देशप्रेम से परिपूर्ण उनकी अधिकांश रचनाओं का मूल स्वर प्रगतिवादी है। आज़ादी के बाद चतुर्वेदी जी को भारत सरकार ने वर्ष 1955 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और वर्ष 1963 में पद्मभूषण अलंकरण से सम्मानित किया था। उनके सम्मान में भारत सरकार ने डाक टिकट भी जारी किया।

साहित्य अकादमी पुरस्कार उन्हें अपनी काव्य कृति 'हिमतरंगिनी' पर प्रदान किया गया था। मध्यप्रदेश सरकार ने 16 -17 जनवरी 1965 को उनके सम्मान में खंडवा में नागरिक अभिनन्दन समारोह का भी आयोजन किया था। सागर विश्वविद्यालय ने उन्हें डी. लिट् की मानद उपाधि से नवाजा । उनकी लगभग 100 वर्ष पहले की इस बेहद लोकप्रिय कविता की अमिट पंक्तियों को आइए ,एक बार फिर मन ही मन गुनगुनाएं

चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं ।
चाह नहीं, प्रेमी-माला में बिंध प्यारी को ललचाऊं ।।
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर हे हरि, डाला जाऊं ।
चाह नहीं, देवों के सिर परचढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊं।।
मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक ।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावें वीर अनेक ।।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

खबर संक्षेप

इमरान को वकील से मिलने की इजाजत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 190 मिलियन पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में एक अहम घटनाक्रम में, इमरान खान को उनके वकील से मिलने की अनुमति देने के लिए इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) के चीफ जस्टिस ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की अर्जी पर सुनवाई के दौरान निर्देश जारी किए गए। इस मामले में दोनों की सजा सस्पेंड करने की मांग की गई थी। बेंच ने उनकी मुख्य अपीलों का जल्द निपटारा करने का भी संकेत दिया।

यूपी : छात्रों को बंटेंगे 25 लाख टैबलेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस योजना का उद्देश्य राज्य के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। सरकार का मानना है कि डिजिटल उपकरण मिलने से छात्र अपनी पढ़ाई बेहतर तरीके से पूरी कर पाएंगे।

गहराया राजनीतिक विवाद, कांग्रेस ने कहा, भ्रष्टाचार के आरोपों से बौखला गए हैं सरमा

खड़गे पर टिप्पणी को लेकर सियासी घमासान असम के मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए असम के मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग की है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 'कौन है खड़गे?' जैसे सवाल उठाना और 'पागल' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना बेहद आपत्तिजनक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देती और यह उनके असंतुलित रवैये को दर्शाती है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बौखलाए हुए हैं और ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की मानसिकता को पूरी तरह खारिज करती है और मुख्यमंत्री से तत्काल बिना शर्त माफी की मांग करती है।

मर्यादित भाषा का पालन होना चाहिए

कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा और आचरण का पालन होना चाहिए। मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप कांग्रेस पार्टी ने सबूत समेत लगाए हैं। उसका जवाब देने के बजाए गाली गलौच की भाषा का इस्तेमाल अगर संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति कर रहा है तो साफ है कि भारी भ्रष्टाचार का मामला पकड़े जाने पर उनके पास कोई जवाब नहीं। उन्होंने कहा उनके ओछेपन का जवाब असम की जनता वोटों के माध्यम से दे कर इनकी विदाई तय करने बैठी है। पार्टी का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियां न केवल राजनीतिक स्तर को गिराती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के भी खिलाफ हैं।

रमेश ने यह कहा

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री की भाषा और व्यवहार में गरिमा की कमी पहले से ही चर्चा में रही है, लेकिन इस बार उन्होंने सभी सीमाएं पार कर दी हैं। रमेश ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे न केवल कांग्रेस अध्यक्ष हैं, बल्कि वे भारतीय संविधान द्वारा संभव सामाजिक सशक्तिकरण के एक सशक्त प्रतीक भी हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी 'अत्यंत निंदनीय' है और यह भाजपा की कथित दलित-विरोधी मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणी की है, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

गुजरात के लोगों को अनपढ़ बताना बेहद आपत्तिजनक बयान : रविशंकर

भाजपा नेता ने कहा- खड़गे का बयान आपत्तिजनक और शर्मनाक

भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा गुजरात के लोगों को कथित तौर पर अनपढ़ बताने वाले बयान को बेहद आपत्तिजनक करार दिया है। उन्होंने मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इस तरह की भाषा किसी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को शोभा नहीं देती। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रसाद ने इस टिप्पणी को शर्मनाक करार दिया और कांग्रेस अध्यक्ष से सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन क्या कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह मर्यादा भूल चुका है? दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल में एक बयान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे गुजरात या अन्य जगहों के अनपढ़ लोगों को गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल में ऐसा संभव नहीं है। रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी से भी इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख बताने की मांग की। साथ ही उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सलाह दी कि वे इस बयान से खुद को अलग करें और पार्टी अध्यक्ष से माफी दिलवाएं।

प्रसाद ने उठाया सवाल

प्रसाद ने सवाल उठाया कि क्या किसी राज्य के लोगों को इस तरह संबोधित करना उचित है। उन्होंने कहा क्या महात्मा गांधी, सरदार पटेल, मोरारजी देसाई और विक्रम साराभाई जैसे महान व्यक्तित्व भी अनपढ़ थे? भाजपा सांसद ने आगे कहा कि गुजरात की साक्षरता दर लगभग 82 प्रतिशत है और इसमें पिछले वर्षों में सुधार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति राजनीतिक विरोध के चलते कांग्रेस इस तरह के बयान दे रही है।

अमेरिका के साथ रक्षा, व्यापार सहित क्षेत्रीय-वैश्विक घटनाक्रमों पर होगी चर्चा

पश्चिम-एशिया संकट के बीच आज से अमेरिका के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे मिस्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मध्य बुधवार से विदेश सचिव विक्रम मिस्री अमेरिका की तीन दिवसीय (8 से 10 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलावा आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों और उनके प्रभावों पर चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान के जरिए बताया कि विदेश सचिव की यह यात्रा भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की व्यापक आधार पर समीक्षा करने के साथ ही प्रमुख क्षेत्रों में बने हुए मौजूदा सहयोग को और अधिक उन्नत बनाने का अवसर प्रदान करेगी।

रक्षा, व्यापार के मुद्दे पर होगी बातचीत

मंत्रालय ने बताया कि मिस्री की इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष के साथ जिन विषयों पर वार्ता की जाएगी। उनमें रक्षा, व्यापार, विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे विषयों के साथ-साथ दोनों देशों के साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

उच्च-स्तरीय संवाद को दर्शाती यह यात्रा : विदेश सचिव विक्रम मिस्री की यह अमेरिका यात्रा विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर द्वारा इसी साल फरवरी महीने में की गई अमेरिका की यात्रा के बाद हो रही है। जो कि दोनों देशों के बीच जारी महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय संवाद और आदान-प्रदान का हिस्सा है।

व्यापार समझौते पर चर्चा संभव

गौरतलब है कि मिस्री की यह अमेरिका यात्रा एक ऐसे समय में हो रही है। जब बीते वक्त में अमेरिका द्वारा भारत पर 50% दंडात्मक टैरिफ लगाया गया था। जबकि इसके पूर्व में पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच हुए संघर्षविराम का दर्जनों से अधिक बार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा श्रेय लेने की कोशिश की गई थी। जिससे नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी के संबंधों में काफी तनाव देखने को मिला था। लेकिन हाल ही में भारत, अमेरिका ने अपने संबंधों में सुधार लाने की कवायद शुरू कर दी है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि विदेश सचिव की अमेरिका यात्रा के दौरान भी इस मामले पर अमेरिका के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत हो सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पहले ही समझौते की घोषणा की जा चुकी है। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वागत किया है।

संस्कृति मंत्रालय MINISTRY OF CULTURE

सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में)
15-ए, सेक्टर-07, द्वारका, नई दिल्ली-110075

CCRT/11011/01/2026/
08/04/2026

शुद्धिपत्र

CCRT में निदेशक पद के लिए विज्ञापन
स्तर-12, जीपी-7600

CCRT विज्ञापन संख्या CCRT/11011/01/2026/01

दिनांक 07-13 फरवरी, 2026 के संदर्भ में, जिसमें संयुक्त पद्धति: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) और पदोन्नति; यदि ऐसा नहीं हो पाता है, तो सीधी भर्ती के आधार पर निदेशक पद के लिए रोजगार समाचार (7 फरवरी, 2026) और अन्य समाचार पत्रों में 7 फरवरी, 2026 को अखिल भारतीय स्तर पर प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, आवेदन आमंत्रित किए गए थे। **यहाँ यह सूचित किया जाता है कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 (17 :30 बजे) तक बढ़ा दी गई है।**

2. अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

हस्ताक्षर/-
उप निदेशक (प्रशासन)
सीसीआरटी, नई दिल्ली

cbc09101/11/0001/2627

बांग्लादेश के साथ होगा डायलॉग भारत पहुंचे विदेश मंत्री रहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2024 में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शन की वजह से हुए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से संबंधों में बने हुए तनाव के बीच मंगलवार से बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ.खलीलुर रहमान की तीन दिवसीय (7 से 9 अप्रैल तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की आगामी समय में की जाने वाली भारत की संभावित यात्रा से जुड़े एजेंडे को अंतिम रूप देने के अलावा मौजूदा दौर में दोनों देशों के संबंधों में आई तल्खी को दूर करते हुए उन्हें पुनः संतुलन के साथ मजबूत बनाना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि आज नई दिल्ली पहुंचने पर बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ.खलीलुर रहमान का हार्दिक स्वागत किया गया।

खास बातें

- संबंधों में तनाव के बीच जयशंकर के साथ होगी बैठक
- एनएसए डोभाल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और हरदीप सिंह पुरी से भी मिलेंगे बांग्लादेश के विदेश मंत्री

यह रहेगा राजधानी में कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि अपनी यात्रा के तहत बांग्लादेश के विदेश मंत्री की बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी पहलुओं के साथ-साथ वर्तमान समय में चुनौतीपूर्ण बने हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों (पश्चिम-एशिया युद्ध से ऊर्जा सुरक्षा पर आया संकट) पर चर्चा किए जाने की संभावना है। दोनों नेताओं की वार्ता में भारत और बांग्लादेश के बीच नदी जल बंटवारे (तीस्ता नदी से जुड़ा मामला) और सीमा विवाद जैसे मसलों पर भी मंथन किया जा सकता है।

गंगा में बीयर पार्टी एक गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी में गंगा नदी के बीचों-बीच नाव पर सवार होकर बीयर पार्टी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाविक समाज की ओर से दशाश्वमेध घाट से मिर्जापुर के अदलहाट स्थित बड़ी शीतला मंदिर जा रही पारंपरिक शोभायात्रा के दौरान कुछ युवकों ने डीजे बजाकर जमकर शराब का सेवन किया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद भेलूपुर थाने में नाविकों की शिकायत पर ही मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब वीडियो के आधार पर अन्य हुड़दंगियों को चिन्हित कर रही है। गंगा में बिरयानी की हड्डियां फेंकने के विवाद के तुरंत बाद सामने आए इस नए मामले ने तूल पकड़ लिया है।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD
No.02-03/CE (S&P)/ACE/NIT/ 1713 Raipur, dt. 07.04.2026

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders, for the following items are invited:-

Tender Specification No.	Item	Approx. tender value (₹ in Lacs)	Purchase / download of Tender document fee with GST (₹)	Last date of tender submission
02-03/CE (S&P) /956	Tool Kit Bag containing Insulated Screw Drivers, Insulated Cutting Plier, Spanners, Hand Torch (rechargeable), Neon tester & Tool Kit Bag	44.33	5000/-	05.05.2026
02-03/CE (S&P) /957	Procurement of ADF Scanner Note:- This tender shall be processed through Gem portal (www.gem.gov.in) for which bidders are requested to get themselves registered in Gem portal.	75.39	-----	17.04.2026
02-03/CE (S&P) /958	32V 100AH (LFP) Lithium Ferro Phosphate Battery	88.05	5000/-	08.05.2026
02-03/CE (S&P) /959	30KV 10A Battery charger	53.10	5000/-	05.05.2026

IMPORTANT: (I) Please note that any Notice for Corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company. (II) The tenders will be processed through *e-bidding* module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our website www.cseb.gov.in/cspdcl **for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM. (III)** Date of **"Pre-Bid" meeting** to be held will be intimated separately on our website. For details, visit our web site: **www.cseb.gov.in/cspdcl**.

SAVE ELECTRICITY **CHIEF ENGINEER (S&P)**

COLLEGE OF AGRICULTURE & RESEARCH STATION
(INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA)
FINGESHWAR; GARIABAND. C.G.
Email: cars.gariaband@igkv.ac.in, Phone: 07701-299334

WALK-IN-INTERVIEW

No./Acad./CARS/2026/348 Gariaband, Date: 06/04/2026

Interested eligible candidtes are invited to appear in Walk-in interview for Guest Faculty on contractual basis in the discipline of Agronomy, Agricultural Statistics and Livestock Production & Management (01 post each).

Last date for submission of application - Submit application in prescribed format through email (cars.gariaband@igkv.ac.in) to the Dean, College of Agriculture & Research Station, Gariaband (C.G.)-493992 on or before 18th April, 2026.

Interview will be held at College of Agriculture - Raipur on 29th & 30th April, 2026 at 10 A.M. onwards. Detailed information regarding qualifications, application format, pay and other terms & condition can be seen in University website www.igkv.ac.in

(Dr. G.K. Sharma)
S-47412/1 DEAN

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 403,56-Set,
Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (National Bidding)
Letter of Invitation (LOI) No.-01/2026-27
2nd Call
e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/01/2026-27
Date:- 06.04.2026

1	Name Of Work	Consultancy Services for the Preparation of Detailed Project Report (D.P.R) for construction of Gola Bypass with approach road towards Rajrappa under road division Ramgarh including new proposal of culverts, bridges, ROBs, RUBs, complete Land acquisition plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation proposals , Forest Diversion proposal and Utility Shifting proposal in details etc under Ramgarh District in the State of Jharkhand.(total tentative length-12.00 Km)
2	Period of Completion of Work	60 Days
3	Cost of Tender documents	Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20,000.00 (Twenty Thousand) only as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
4	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
5	Date/Time of Publication of Tender on Website	09.04.2026,10:30 AM
6	Last Date/Time of Bid Submission	25.04.2026 12:00PM
7	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	25.04.2026 12:00PM
8	Date and Time of Bid opening	27.04.2026 12:30 PM
9	Bid validity	120 days
10	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
11	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677.
12	PR. No.-	374588 Road (25-26)D

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi

PR 376852
Road(26-27).D

अमेरिकी महिला सैनिक ने रोते की अपील

'युद्ध हमारी इच्छा नहीं हैं, हम थक चुके हैं, इसे रोक दो'



वायरल वीडियो में बोली- हमें अपने घर जाना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ईरान इजरायल युद्ध और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच पूरे एशिया से लेकर अमेरिका तक में हलचल मची हुई है। हर रोज अमेरिका की धमकी और लगातार होते मिसाइल हमलों के बीच एक अमेरिकी महिला सैनिक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें अमेरिका की ये महिला सैनिक रोते हुए सरकार से गुहार लगा रही है और युद्ध विराम की अपील कर रही है। वीडियो देखने के बाद यूजर्स भी हैरान हैं और महिला की बातें सुन इमोशनल हो गए हैं।

रोते हुए अमेरिकी महिला सैनिक ने लगाई गुहार

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला सैनिक जो अमेरिकी बताई जा रही है, रोते हुए अपनी बात लोगों के सामने रख रही है। महिला वीडियो में कहती है कि 'युद्ध हमारी इच्छा नहीं हैं, इसे खत्म करो. हम थक चुके हैं और हमें अपने घर जाना है। मैं अपने घर को बहुत मिस कर रही हूं। मैं हर रोज अपने परिवार को याद करती हूं मुझे उनसे मिलना है। लेकिन मैं अब तक यहीं हूं और अपने देश के लिए लड़ रही हूं।'

39 दिन से लगातार चल रहा है युद्ध

आपको बता दें कि 28 फरवरी 2026 को ऑपरेशन एपीके फ्यूरी के तहत इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर संयुक्त रूप से हमला किया था। आपको बता दें कि आज यानी 7 अप्रैल 2026 को इस युद्ध के 39 दिन पूरे हो चुके हैं। इसी युद्ध से तंग आकर अब कई तरह के वीडियो सैनिकों के वायरल हो रहे हैं।

लाखों लोगों ने शेयर किया वीडियो

वीडियो को सोशल मीडिया पर अलग अलग प्लेटफॉर्म से शेयर किया गया है जिसे अब तक लाखों लोगों ने देखा है तो वहीं कई लोगों ने वीडियो को लाइक भी किया है। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स वीडियो को लेकर तरह तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा...एक ऑरेंज बाल वाले ने सभी को परेशान करके रखा है। एक और यूजर ने लिखा...युद्ध जल्द ही खत्म होना चाहिए। तो वहीं एक और यूजर ने लिखा...एक शख्स की जिद की वजह से आधा एशिया इंडक्शन पर रोटियां सेक रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 79/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनाँक 06/04/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि. नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	188524	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM SAVITRI NAGAR TO SONUMUDA BASTI UPTO GOVT PRIMARY SCHOOL AT W.N. 38	17.45	28.04.2026
2	188527	CONSTRUCTION OF TALAB GHAT NEAR SANTOSHI MANDIR AT W.N. 41 (TURKUMUDA).	15.00	28.04.2026
3	188536	CONSTRUCTION OF STORM WATER DRAIN (NALA) FROM BACK SIDE OF MITTHUMUDA SAMUDAYIK BHAVAN TO SAVITRI NAGAR NALA AT W.N. 36	48.75	28.04.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक-डी, भू-तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

क्रमांक/01/ज.उ.यो./2026-27/147
नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07/04/2026

वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थानों के इम्पैनलमेंट हेतु "रूचि की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, नयी सोच के साथ बेहतर कॅरियर चयन का अवसर प्रदान करते हुए प्रतिस्पर्धी बनाना तथा बहुमुखी व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर प्रदान करना है। इस योजना अंतर्गत विद्यार्थी को कक्षा 6वीं से 12वी तक छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय अध्ययन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। चयनित उत्कृष्ट विद्यालय को विभाग द्वारा निर्धारित मान्य शुल्क की प्रतिपूर्ति किया जावेगा। समस्त प्रस्ताव "रूचि की अभिव्यक्ति" के प्रारूप में संस्था जहां स्थित है, संबंधित जिलें के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में जमा करना होगा।

प्रस्ताव को जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि- 23.04.2026 अपरान्ह 5.00 बजे तक

योजना अंतर्गत संस्थाओं के लिए मापदण्ड एवं विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट **www.tribal.cg.gov.in** से अवलोकन कर प्राप्त कर सकते है।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

G-262700081/2

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
सामान्य वन मंडल धरमजयगढ़ (छ.ग.)

ई-नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकडी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1. ई-नीलाम दिनांक - 10-04-2026
2. ई-नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

अ. क्र.	प्रजाति	नया वनोपज		पुराना वनोपज		योग वनोपज	
		लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में	लट्ठा घ.मी. में	बल्ली नग में
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सागौन	0	0	124.146	0	124.146	0
2	साल	105.000	0	2547.416	3102	2652.416	3102
3	बीजा	0	0	156.907	0	156.907	0
4	खम्हार	0	0	0	0	0	0
5	साजा	0	0	79.578	965	79.578	965
6	हल्दू	0	0	20.117	0	20.117	0
7	धावड़ा	0	0	9.666	209	9.666	209
8	सलिहा	0	0	7.915	0	7.915	0
9	अन्य	0	0	283.573	1574	283.573	1574
10	आर.टी.एल	0	0	0	0	0	0
योग :-		105.000	0	3229.318	5850	3334.318	5850
11	जलाऊ	330 चट्टा	-	3708 चट्टा	0	4038 चट्टा	-

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी अधिकता संभव है।

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

G-262700084/3

हाईकोर्ट ने कहा- विशिष्ट पदों पर लंबे समय तक भर्ती नहीं होना, आम आदमी के हित में नहीं

बिलासपुर। स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने कहा, विशिष्ट पदों पर लंबे समय तक भर्ती प्रक्रिया के लंबित रहने का मतलब है, आम आदमी के हित में नहीं है। नाराज हाई कोर्ट ने हेल्थ सिकरेट्री को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। दरअसल चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में छत्तीसगढ़ में पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचा और सुविधाओं की कमी, तथा विशेषज्ञ पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी होने में हो रहे विलंब को स्वतः संज्ञान में लेते हुए जनहित याचिका

के रूप में सुनवाई चल रही है। स्वास्थ्य सचिव ने शपथ पत्र पेश करते हुए हाई कोर्ट को जानकारी दी है, मनोचिकित्सकों की नई भर्ती प्रक्रिया चल रही है। सचिव ने बताया कि पिछली भर्ती प्रक्रिया असफल हो गई थी। 6 एमडी मनोचिकित्सक पदों के लिए एक प्रस्ताव छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी को भेजा गया। वह प्रस्ताव वित्त विभाग की मंजूरी का इंतजार कर रहा था।

इसलिए भर्ती में हो रही है देरी

स्वास्थ्य सचिव द्वारा पेश शपथ पत्र में कोर्ट को भर्ती प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया है। पीजी की सीमित सीटों के कारण योग्य मनोचिकित्सकों की कमी तो बनी हुई है। इसके अलावा कड़े नियम और प्रशिक्षण संबंधी अनिवार्य शर्त को भी शामिल किया गया है। स्वास्थ्य सचिव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि इन बाधाओं के बावजूद, सरकार राज्य भर में रिक्त पदों को भरने और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं मे के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

विकलांगता प्रमाणपत्र की जांच का अधिकार सक्षम चिकित्सा बोर्ड को

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी व्यवस्था देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति के विकलांगता प्रमाण पत्र की वैधता और उसकी प्रमाणिकता की जांच करने का एकमात्र अधिकार सक्षम चिकित्सा बोर्ड को है। जस्टिस एके प्रसाद की सिंगल बेंच ने एक शिक्षक की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि राजस्व अधिकारियों के पास चिकित्सा विशेषज्ञता नहीं होती, इसलिए वे ऐसे प्रमाण पत्रों को अमान्य घोषित नहीं कर सकते। पूरा प्रकरण महासमुंद जिले का है, जहां लखन बिहारी पटेल वर्ष 2010 में विकलांग श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। उस समय जिला चिकित्सा बोर्ड ने उन्हें 45.4 प्रतिशत 'श्रवण बाधित' होने का प्रमाण पत्र जारी किया था। विवाद की शुरुआत तब हुई जब दिसंबर 2017 में लखन बिहारी के सगे भाई, कैलाश चंद्र पटेल ने पारिवारिक भूमि विवाद के चलते कलेक्टर से शिकायत की।

कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार किया गया

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एसडीएम ने 2010 के मूल प्रमाण पत्र को गलत साबित करने के लिए 2018 की एक ऑडियोमेट्रिक रिपोर्ट का आधार बनाया था। तर्क को खारिज करते हुए कहा कि समय के साथ विकलांगता की स्थिति में सुधार होना या बदलाव आना पिछले प्रमाण पत्र के फर्जी होने का सबूत नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने इसे 'साक्ष्य की त्रुटि' करार दिया। जस्टिस एके प्रसाद ने अपने फैसले में जोर दिया कि 'विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 52 के तहत एक वैधानिक तंत्र निर्धारित है। अधिकारियों ने इस कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया। किसी भी सरकारी अधिकारी को तकनीकी आंकलन के लिए विशेष चिकित्सा बोर्ड की राय पर ही निर्भर रहना चाहिए।

रायपुर बार एसोसिएशन चुनाव में पुरुषों को 50 प्रतिशत आरक्षण को हटाने कहा

इसी माह 17 अप्रैल को होने जा रहे रायपुर बार एसोसिएशन चुनाव में पुरुषों को दिए गए 50 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ पेश याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी ने निर्देश दिया है कि, पुरुषों को दिए गए आरक्षण को तत्काल हटाया नहीं गया तो कल ही रोक लगा दी जाएगी। दरअसल 17 अप्रैल को रायपुर बार एसोसिएशन का चुनाव होना है। इस चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी ने पुरुषों के लिए 50 प्रतिशत पद आरक्षित कर दिए थे। इससे एक नया विवाद खड़ा हो गया और हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई। मामले में पैरवी कर रही अधिवक्ता हमीदा सिद्दीकी ने बताया कि, संविधान में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 30 प्रतिशत का आरक्षण निर्धारित किया गया है। न्याय के क्षेत्र में महिलाएं भी योगदान देती है पर यहां महिलाओं के आरक्षण को छोड़ पुरुषों को 50 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया है।

31 लाख की बैंक धोखाधड़ी में साहू सहित 3 गिरफ्तार

मुड़पार सरसीवा। सरसींवा पुलिस ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बैंक खातों से 31 लाख के आहरण करने वाले मुख्य आरोपी शिवा साहू सहित 2 अन्य को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बैंक कर्मियों से सांठगांठ कर होल्ड खातों को फर्जी तरीके से अनहोल्ड कराकर रकम निकाल ली थी। गिरफ्तार आरोपियों में रायकोना निवासी महाठग शिवा साहू पिता टीकाराम साहू 24 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा, पारसनाथ साहू पिता तोषराम साहू 26 वर्ष साकिन चकरदा वार्ड 2 बजरंग बली चौक थाना सरसींवा और सूर्यकांत साहू पिता हेमलाल साहू 21 वर्ष साकिन मोहतरा (न) थाना सरसींवा शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सरसींवा की टीम ने लंबे समय से फरार आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

घोटिया चौकी क्षेत्र स्थित ढाबामारी के पास हुआ भीषण हादसा

शादी से लौट रही पिकअप पलटने से दो महिलाओं की मौत, 37 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के ओरछा रेंगाबेड़ा में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के सिरिसगुड़ा लौट रही सवारियों से भरी पिकअप के पलटने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य 37 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लोहण्डीगुड़ा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 26 लोगों को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के मुताबिक यह भीषण हादसा घोटिया चौकी क्षेत्र के ढाबामारी के पास मंगलवार को हुआ। पिकअप वाहन में सवार ग्राम सिरिसगुड़ा के ग्रामीण ओरछा के रेंगाबेड़ा में आयोजित शादी समारोह में

शामिल होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान घोटिया चौकी अंतर्गत ढाबामारी के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में सिरिसगुड़ निवासी मिटको मण्डावी पति आयतु मण्डावी लगभग 50 वर्ष तथा सुलो मण्डावी पति सूलो मण्डावी 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घोटिया पुलिस मौके पर पहुंचकर दूसरी वाहन से घायलों को लोहण्डीगुड़ा अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सिरिसगुड़ा निवासी एक परिवार अपने गांव के लोगों के साथ सोमवार को गांव के ही रामधर कि पिकअप वाहन में नारायणपुर जिले के ओरछा के रेंगाबेड़ा में शादी में गए हुए थे। शादी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह जब पिकअप में सवार होकर सभी वापस आ रहे थे। तभी घोटिया चौकी क्षेत्र के ढाबामारी के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप पलट गई। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोगो के साथ ही पुलिस टीम व एम्बुलेंस को रवाना किया गया।

26 घायलों को मेडिकल कालेज अस्पताल किया रिफर

घायलों को लोहंडीगुड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 26 लोगों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि पिकअप में चालक समेत 40 लोग सवार थे सभी लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्रामी सिरिसगुड़ा के रहने वाले थे। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन गिराने की कोशिश नाकाम

बिलासपुर। रेल मंडल बिलासपुर के तहत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच किसी असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश की, जिसकी सूचना पर आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोशिश को नाकाम कर दिया। बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अंतर्गत अमलाई से बुढ़ार के बीच तीन लाइन बनी हुई है। इसमें दोपहर को दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, हमसफर, गरीब रथ, उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार की दोपहर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ उसलापुर से कटनी की ओर रवाना की गई थी। इस दौरान अमलाई और बुढ़ार के बीच ट्रेन शाम को 17.20 बजे पहुंची, जिसके स्टापेज के बाद रवाना होने का समय 17.45 बजे निर्धारित था। इसी बीच ट्रेन मैनेजर को सूचना मिली अमलाई-बुढ़ार के बीच किलोमीटर 883/27-30 के अप लाइन पर रेलवे ट्रैक में किसी ने ट्रेन को दुर्घटना करने के लिए बैलास्ट के टुकड़े रख दिए हैं।

टीए व इंजीनियरिंग स्टॉफ तत्काल मौके पर पहुंचा

जानकारी लगते ही ड्यूटी पर मौजूद टीए और इंजीनियरिंग स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर तत्काल रेलवे ट्रैक पर पड़े बैलास्ट को हटाकर शाम 17.43 बजे ट्रेन रवाना करने ग्रीन सिग्नल दिया। इस संबंध में रेल अफसरों ने बताया कि किसी ने बदमाशी करने के लिए बैलास्ट को रेलवे ट्रैक पर रख दिया होगा। इसमें किसी तरह की कोई भी ट्रेन दुर्घटना नहीं हुई है।

'बेटी हुई है' का बैनर लगाकर मनाया जश्न, बदल रही है सोच

धमतरी। शहर से एक बेहद प्रेरणादायक और दिल छू लेने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां बेटी के जन्म पर एक परिवार ने अनोखे अंदाज में जश्न मनाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। मकेश्वर वार्ड निवासी टंडन परिवार में लंबे समय बाद बेटी के जन्म की खुशी इस कदर छाई कि उन्होंने इसे पूरे शहर के साथ साझा करने का फैसला किया। परिवार ने बैंड-बाजे के साथ सड़कों पर जश्न मनाया और अपनी कार के पीछे "बेटी हुई है" का आकर्षक बैनर लगाकर शहरभर में घूम-घूम कर खुशियां बांटी। इस अनोखे जश्न को देखने के लिए राहगीर रुकते नजर आए। लोगों ने मुस्कुराते हुए परिवार को बधाइयां दीं। शहरवासियों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की।

बेटी का जन्म वरदान से कम नहीं: सदस्य

परिवार के सदस्यों ने बताया कि बेटी का जन्म उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लंबे इंतजार के बाद घर में आई नन्ही लक्ष्मी ने पूरे परिवार में उत्सव जैसा माहौल बना दिया है। घर में खुशियों का माहौल है और रिश्तेदारों के साथ-साथ मोहल्लेवासी भी इस खुशी में शामिल हो रहे हैं।

समाज में फैलेगी जागरुकता

यह जश्न सिर्फ एक परिवार की खुशी नहीं, बल्कि समाज के लिए एक सशक्त संदेश भी है। आज भी देश के कई हिस्सों में बेटियों को बोझ समझा जाता है, लेकिन धमतरी का यह उदाहरण सोच बदलने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। टंडन परिवार का यह कदम न केवल बेटी के प्रति सम्मान को दर्शाता है, बल्कि समाज में जागरुकता फैलाने का भी कार्य कर रहा है। यह अनोखा जश्न लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और महिला सम्मान की मिसाल पेश कर रहा है।

भाटिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष किए गए मनोनीत

राजनांदगांव। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज नई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी सदस्यों और उपस्थित संगत की सहमति से सरदार बलदेव सिंह भाटिया (पप्पू भैया) को सर्वसम्मति से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के बुजुर्गों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं संगत ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार बलदेव सिंह भाटिया अपने अनुभव, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता के बल पर गुरुद्वारा कमेटी का गठन कर प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। धार्मिक, सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। बैठक के दौरान गुरुद्वारा के बेहतर संचालन, संगत की सुविधाओं में वृद्धि तथा भविष्य की योजनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा की गई। संगत ने एकजुट होकर गुरुद्वारा साहिब की सेवा और विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाली समस्त संगत का आभार व्यक्त किया गया।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

सिक्योरिटी गार्ड

आवश्यकता है- रायपुर के पॉश क्षेत्र सिविललाइन्स स्थित प्रतिष्ठित ऑफिस एवं बंगलो हेतु अनुभवी, जिम्मेदार, विश्वसनीय सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता ।योग्यता एवं अनुभवः न्यूनतम 5 वर्ष अनुशासित , जिम्मेदार व्यक्तित्व सतर्क एवं कार्य के प्रति समर्पित ड्यूटी समयः 12 घंटे परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी वेतनः ₹15,000 – ₹18,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) संपर्क:- 9109125252, 9109972720. (RO-847)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को की आवश्यकता हैं। पढ़ाई में बाधा नहीं। आकर्षक वेतन। सम्पर्क करें- भगत किराना, गोल बाजार, रायपुर, मो. 7828644611. (RO-070)

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़को एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपार्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 9826113735. (आरो-198)

सेल्समैन

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी) मे बंडल खोलने पैक करने के लिए स्टॉफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता है। एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7067048454. (आरो-6623)

Requirment- Ply and Hardware Shop, Janak Bada, Raipur requires a Male salesman for Plywood & Hardware distribution. Salary as per work experience. Contact : 9329536771. (RO-7251)

हेल्पर

आवश्यकता है- हेल्पर कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। गांव के लड़कों को रहने की सुविधा उपलब्ध। पता अशोक इंटरप्राइजेस आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9 से 7 मो. 8770676924. (RO-200)

प्यून

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वीं /12वीं उत्तीर्ण पियून की आवश्यकता है। स्वयं का वहान होना अनिवार्य। वेतन योग्यता अनुसार। केवल स्थाई रूप से कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित संपर्क करें- 9229303242, 9329100263. (RO-912)

रसोइया

आवश्यकता है- रायपुर के पॉश क्षेत्र सिविल लाइन्स में स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार (शुद्ध शाकाहारी) हेतु कुशल, अनुभवी एवं विश्वसनीय रसोइया की आवश्यकता है। अनुभव – कम से कम 5 वर्ष शुद्ध शाकाहारी व्यंजन बनाने में दक्षता साफ-सुथरा, जिम्मेदार और अनुशासित स्वभाव वेतनः (अनुभवनुसार) सुविधाएंः रहने, खाने की निःशुल्क व्यवस्था संपर्कः - 9109125252, 9109972720. (RO-847)

केयर टेकर

आवश्यकता है- बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठान में 25-40 वर्षीय पढ़ी-लिखी महिला केयरटेकर की। 24 घंटे रहने - खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन संपर्क करें- 7225844359.(RO-6626)

घरेलू कार्य

आवश्यकता है- गोवा में सम्मान जनक परिवार के लिए भरोसेमंद महिला घर सहायिका (House Help) आयु 25 से 40 वर्ष, हाई स्कूल पास, अच्छा वेतन संपर्क करें- 7225844359, 9848250331. (RO-6625)

दुकान कार्य/ड्राइवर

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के /लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर 9893332145. (आरो-195)

कंप्यूटर कर्मी

आवश्यकता है- रायपुर/नया रायपुर में ग्राहक सेवा सहयोगी भर्ती।योग्यताः किसी भी विषय में ग्रेजुएट, हिंदी-अंग्रेजी में अच्छी पकड़, 20 WPM टाइपिंग। शिफ्टः 6 AM - 2 PM, 2 PM - 10 PM, 10PM-6AM। इंटरव्यूः 4–8 अप्रैल, 10AM–5PM, सिविल लाइन पुलिस थाना, रायपुर। संपर्कः 9212138468. (RO-4097)

होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल कार्य (महिला/ पुरुष) पोस्ट - कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट, सफाई कर्मचारी, वेटर,कप्तान जानकार को प्राथमिकता। संपर्क -होटल अपना केशरी , होटल शिव-प्रभा , पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251, 89669-81590 (आरो नं.-246)

ड्राइवर

ड्राइवर चाहिए - आवश्यकता हैं गायत्री नगर, रायपुर स्थित ऑफिसर को एक अनुभवी, नशामुक्त, ड्राइवर की। आसपास के ड्राइवर को प्राथमिकता। संपर्क करें- 8349933320. (RO-885)

आवश्यकता है- अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है! रहने खाने की सुविधा, वेतन योग्यतानुसार, संपर्क करें:- 9425517333, कॉल करके मिलने का समय दोपहर 1 बजे के बाद! (RO-7395)

सेल्स/ऑफिस स्टॉफ

आवश्यकता है - कंस्ट्रक्शन के ऑफिस हेतु शीघ्र आवश्यकता है।
1 सेल्सएक्जीक्यूटिव 1 बैक ऑफिस असिस्टेंट की संपर्क- 91114-06666.(RO-4098)

आवश्यकता है- ड्राइवर, रियलस्टेट मार्केटिंग स्टाफ, डिजिटल मार्केटिंग, बैक ऑफिस स्टाफ व्हाट्सप्प करे 8839996498 सिटीहार्ट रेजिडेंसी कैलाशविहार कैलाशपुरी (RO-40324)

अन्य

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10+12th) पास लड़के लड़किया, आवेदन करे, कुल सीट-7220 , पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी सैलरी - (32020 - 44900) आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो , व्हाट्सएप / कॉल करे -9635451523.(RO-1381)

Finance फायनेंस

फाइनेंस- प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज), (30% छूट) संपर्क:- 7489545029. (RO-1377)

हरिभूमि

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ
पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्ता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।
डॉ. जे.पी. दुबे
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोटः भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 60/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE 10X1

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड

जैकेट के शेष

छत्तीसगढ़ में चौका-चूल्हा....

के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं। इसका व्यापक असर राज्य में महिलाओं की बदलती जीवनशैली का एक उजला अध्याय बनता जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सामाजिक और आर्थिक ढांचे में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2011 से 1 मार्च 2026 के बीच के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो राज्य में कामकाजी महिलाओं की कुल संख्या 50 लाख 46 हजार 359 से बढ़कर 61 लाख 28 हजार 748 हो गई है। यह वृद्धि दर्शाती है कि बीते 15 वर्षों में राज्य की लगभग 10.82 लाख अतिरिक्त महिलाएं कार्यबल का हिस्सा बनी हैं। जहां शहरी जिलों में औद्योगिक विकास ने राह दिखाई, वहीं नए बने जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं के आत्मनिर्भर होने की प्रवृत्ति स्पष्ट नजर आ रही है।

बड़े शहरों की महिलाओं...

लेकिन यहां वर्किंग वुमन की तादाद में उस तरह की वृद्धि नहीं नजर आ रही है, जैसी छोटे और ग्रामीण परिवेश वाले जिलों में दिखी है। प्रतिशत के हिसाब से बलौदाबाजार और सक्ती में महिलाओं के काम करने के रुझान में सबसे बड़ा बदलाव आया है, लेकिन दूसरी ओर बस्तर संभाग की स्थिति कुछ और ही कहानी कह रही है। बस्तर संभाग के कुछ जिलों (बस्तर, कांकेर, सुकमा) में कामकाजी महिलाओं की संख्या लगभग स्थिर बनी हुई है, जो वहां रोजगार के सीमित अवसरों या अन्य भौगोलिक कारणों की ओर इशारा करती है।

साय ने पीएम मोदी को...

कहा, इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा।

इन परियोजनाओं का होगा शिलान्यास : प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दौरान जिन प्रमुख परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण की योजना है, उनमें रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन, जगदलपुर एयरपोर्ट का विस्तार, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, जगरगुंडा और ओरछा में एजुकेशन सिटी जैसी महत्वपूर्ण पहल शामिल हैं। ये परियोजनाएं बस्तर को शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

अब योजना में शामिल...

7 जिलों और 3 नए जिलों गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई तक विस्तारित हो रही है।

61 नई परियोजनाओं ...

विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है।

बीएसपी में हादसा,...

में 2 नियमित कर्मचारी और 8 ठेका मजदूर आ गए। चारों तरफ से आग ने घेर लिया था। सभी किसी तरह जान बचाने के लिए ऊपर-नीचे भागते रहे, लेकिन रास्ता नहीं मिला। अंत में वहां रखी इलेक्ट्रिकल केबल के सहारे 20 फीट नीचे टीन के शेड पर कूदकर किसी तरह जान बचाई। दो मजदूर की केबल से हथेली रगड़ खाने से छिल गई। वहीं एक कर्मचारी का पैर फ्रैक्चर हो गया है। घायलों का प्राथमिक उपचार मेन मेडिकल पोस्ट में करने के बाद सेक्टर 9 हॉस्पिटल लाया गया।

पेज एक के शेष

अफ्रीकन स्वाइन बुखार ...

का एक प्रमुख केंद्र है। यहां लंबे समय से बड़े पैमाने पर सूअर पालन किया जा रहा था। फार्म से न केवल दुर्ग-भिलाई, बल्कि प्रदेश के कई अन्य हिस्सों और पड़ोसी राज्यों में भी पोर्क की सप्लाई की जाती थी। फार्म मालिक पीओ जॉय के मुताबिक कुल 300 से 400 सूअर थे। 29 मार्च को पहली बार सैंपल लिया गया था। 1 अप्रैल से सूअरों की मौत शुरू हो गई। 6 अप्रैल तक करीब 300 सूअरों की मौत हो चुकी थी। बाकी को विभाग ने मार दिया। एक सूअर की कीमत करीब 30 हजार रुपए है।फार्म में 133 गर्भवती सुअर और करीब 400 बच्चे भी थे। फार्म मालिक के मुताबिक ऐसी गंभीर बीमारी की सूचना मिलने के बाद प्रशासन को 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि संक्रमण को अन्य फार्म तक फैलने से रोका जा सके। समय रहते कदम उठाए जाते, तो नुकसान कम हो सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने नुकसान से ज्यादा चिंता इस बात की है कि यह बीमारी अन्य फार्म तक न फैले।

सरकारी अफसर-कर्मियों...

विशेष आकस्मिक अवकाश मिलेगा। हर शिविर के लिए यात्रा समय समेत अधिकतम 12 दिन का अवकाश स्वीकृत होगा। इस अवधि को ऑन ड्यूटी माना जाएगा और पूरा वेतन दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या अन्य खर्च शासन की ओर से वहन नहीं किया जाएगा।

मंत्री का रिश्तेदार ...

थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस अब दोनों आरोपी पति-पत्नी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार रामभांठा निवासी समारु राम टंडन ड्राइवर का काम करता है। वह एक साल पहले गाड़ी लेकर रायपुर गया था। उसी दौरान रायपुर के जय स्तंभ चौक में ग्राम भद्ररसी जिला महासमुंद निवासी कुमार राम ठाकुर और उसकी पत्नी सहोद्रा बाई ठाकुर से मुलाकात हो गई। चर्चा के दौरान कुमार राम ठाकुर ने समारु को बताया कि वह प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेता का बहनोई है और उसका मंत्रालय में काफी जान पहचान है। मंत्रालय में पहुंच होने की बात कही तो समारु झांसे में आ गया। उसने उसे मोबाइल नंबर भी दे दिया। समारु रायपुर से घर लौटा और अपने बेट डिगेश कुमार का बायोडॉटा भेज दिया। आरोपी ठाकुर राम ने नौकरी के लिए पांच लाख रुपए की मांग की। इधर नौकरी लगने की खुशी में समारु अपने रिश्तेदारों को भी बताया। साथ ही पिंटू लहरे, भतीजा राजेश साहू और सुशील चौहान के बेटे लोकनाथ को भी बता कर उनका बायोडॉटा भी भेज दिया। कुछ दिन बाद आरोपी ठाकुर राम रायगढ़ आया और समारु से मिला। अपने बेटे की नौकरी के लिए समारु ने 4 लाख कैश दे दिया। एक लाख ऑनलाइन देने की बात कही।

महिला को तीन...

सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले, न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवायी के दौरान, केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें 2018 के सबरीमला फैसले में की गई उस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति है, जिसमें कहा गया है कि 10-50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश से रोकना 'अस्पृश्यता' का एक रूप है, जो संविधान के अनुच्छेद 17 का उल्लंघन करता है।

बहस के दौरान बास्टर्ड जैसे शब्द या गाली का इस्तेमाल अपराध नहीं

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

नई दिल्ली। आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता की धारा 294(बी) से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि अगर कोई व्यक्ति बहस के दौरान बास्टर्ड जैसे शब्द या गाली का इस्तेमाल करता है, तो इसे इस धारा के तहत अश्लीलता का अपराध नहीं माना जा सकता। अदालत ने आरोपियों को राहत दी और दोषसिद्धि को रद्द कर दिया है। मद्रास हाई कोर्ट की तरफ से आरोपियों को धारा 294(बी) के तहत दोषी पाया गया था। उनपर बहस के दौरान बास्टर्ड शब्द के इस्तेमाल के आरोप लगे थे। इसके बाद दोनों ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जहां से उन्हें राहत भी मिली है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई

बेंच ने कहा है कि इस धारा के तहत अपराध साबित होने के लिए शब्दों में कोई यौन तत्व शामिल होना जरूरी है। कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया है। बेंच ने कहा, 'हमारा मानना है कि केवल 'बास्टर्ड' शब्द का इस्तेमाल करना किसी व्यक्ति की कामुक इच्छाओं को जगाने के लिए काफी नहीं है। खासकर तब जब आज के दौर में बहस के दौरान ऐसे शब्दों का इस्तेमाल आम बात हो गई है। इसलिए, हमारा मानना है कि आईपीसी की धारा 294(**b**) के तहत दोषियों को दी गई सजा सही नहीं है और इसे रद्द किया जाता है।'

पुराने फैसले का जिक्र

पीठ ने शिवकुमार व अन्य की ओर से दाखिल अपीलों पर यह फैसला दिया है। पीठ ने कहा कि दंड संहिता में 'अश्लील' शब्द की कोई परिभाषा नहीं दी गई है। लेकिन अपूर्वा अरोड़ा बनाम राज्य दिल्ली सरकार के मामले में कोर्ट ने यह फैसला दिया था कि अश्लीलता का संबंध ऐसी सामग्री से है, जो यौन और कामुक विचार जगाती है। जबकि मौजूदा मामले में इस्तेमाल की गई गाली-गलौज या अपशब्दों का ऐसा कोई असर नहीं होता।

यह है मामला

यह मामला एक पारिवारिक संपत्ति के विवाद से जुड़ा हुआ है। संपत्ति की बाउंड्री को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों आरोपियों का कहना है कि धारा 294(b) के तहत अपराध नहीं हुआ है। जबकि, सरकारी वकील का कहना है कि बास्टर्ड शब्द का इस्तेमाल मृतक के लिए किया गया था। हालांकि, कोर्ट ने इस दलील को नहीं सुव्कीर किया। पीठ ने मामले में आईपीसी की धारा 294 बी के तहत सजा को रद्द कर दिया है, जबकि अन्य आरोपों में सजा को बहाल रखा है।

ब्रिटेन ने अमेरिका को दिया झटका

मिलिट्री बेस के उपयोग की नहीं दी परमिशन

एजेंसी ▶▶| लंदन

मिडिल ईस्ट जंग को 1 महीने से ज्यादा का समय हो गया है। अमेरिका लगातार ईरान पर हमला कर रहा है। ईरान भी अमेरिका को लगातार जवाब दे रहा है। इसी बीच ब्रिटेन ने अमेरिका को बड़ा झटका दिया है। ब्रिटेन ने अमेरिका को ईरानी नागरिक ढांचे पर हमलों के लिए अपने सैन्य अड्डों के उपयोग से साफ मना किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने दिगो गार्सिया और राफ फेयरफोर्ड जैसे महत्वपूर्ण सैन्य ठिकानों को ईरान के पुलों या बिजली संयंत्रों जैसे नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों के लिए अमेरिकी सेना के उपयोग की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ब्रिटेन का रुख स्पष्ट है कि ये नागरिक लक्ष्य हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत संरक्षित हैं। लिहाज़ा ऐसी कार्रवाई युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकती है। मध्य पूर्व से हजारों किलोमीटर दूर स्थित ये रणनीतिक अड्डे अमेरिका के लंबी दूरी के बम वर्षकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। बता दें कि पहले ब्रिटेन ने ईरान के खिलाफ अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी थी। इसमें राफ फेयरफोर्ड और डिएगो गार्सिया शामिल था। यह फैसला मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच आया था। जहां ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। ब्रिटेन का कहना था कि यह कदम 'सामूहिक रक्षा' के तहत उठाया गया था। इसके बाद ईरान ने ब्रिटेन को चेतावनी दी थी कि अगर वह अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने देता है, तो इसे सीधे युद्ध में शामिल होना माना जाएगा। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि ब्रिटेन की यह कार्रवाई उसके नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-19-26-27, दिनांकः 27.03.2026

कार्यः सहायक मंडल अभियंता/ मध्य/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत घुटकू में बैलास्ट डिपो का प्रावधान। **निविदा मूल्य (रू.)ः** 2,01,86,571.22/-, **अमानत राशि (रू.)ः** 4,03,700.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह, **निविदा जमा की आरंभ तिथिः-** दिनांकः 14.04.2026 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा की अंतिम तिथिः-** दिनांकः 28.04.2026 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/795 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. eT-West-WAT-09-2026
दिनांक : 02.04.2026

कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल अभियंता (P.WAY)/जगदलपुर के अधिकार क्षेत्र में KK-II लाइन पर 7.726 KM की लंबाई के लिए मौजूदा PSC स्लीपरों को नए चौड़े आधार वाले पीएससी स्लीपरों के साथ थ्रू स्लीपर नवीनीकरण (प्राथमिक)।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 2,74,17,923.70, EMD : ₹ 5,48,400.00, कार्य पूरा होने की अवधि: 06 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 28.04.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-23/R/26-27

चिकित्सा जगत भी रह गया दंग

रूस में महिला ने एक साथ दिया चार एक जैसी बेटियों को जन्म

मास्को। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में कुदरत का एक ऐसा अनोखा करिश्मा देखने को मिला है जिसने पूरी दुनिया के डॉक्टरों को हैरान कर दिया है। यहां एक महिला ने एक साथ चार जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है जो रूसी इतिहास में अपनी तरह का पहला और बेहद दुर्लभ मामला माना जा रहा है। सांख्यिकीय आंकड़ों की मानें तो इस तरह की घटना होने की संभावना लगभग 1.55 करोड़ यानी साढ़े पंद्रह मिलियन गर्भधारण में से सिर्फ एक बार होती है। इन चारों नवजात बच्चियों का वजन 1,360 ग्राम से लेकर 1,640 ग्राम के बीच दर्ज किया गया है और उनकी लंबाई 37 से 41 सेंटीमीटर के बीच है। राहत की बात यह है कि प्रसव के बाद मां और चारों बेटियां पूरी तरह सुरक्षित और स्थिर बताई जा रही हैं।

क्या है इसकी वैज्ञानिक वजह?

चिकित्सा विज्ञान की भाषा में इस मामले को इसलिए असाधारण माना जा रहा है क्योंकि ये चारों बच्चियां एक ही गर्भनाल से जुड़ी हुई थीं जिसे 'मोनोकोरियोनिक' गर्भावस्था कहा जाता है। आमतौर पर जब एक से ज्यादा बच्चे गर्भ में होते हैं तो हर भ्रूण का अपना अलग गर्भनाल होता है लेकिन इस केस में एक ही निषेचित अंडे के कई बार विभाजित होने से चारों बच्चियों का जन्म हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी घटना का कोई भी विश्वसनीय पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता और न ही इसका कोई ठोस आनुवंशिक कारण अब तक पता चला है। यह पूरी तरह से कुदरत की एक रैंडम और चमत्कारी प्रक्रिया है जो बहुत ही कम देखने को मिलती है।

// आम सूचना का खण्डन //

अधिवक्ता सर्व श्री के. के. शुक्ला के द्वारा अपने पक्षकार राजेन्द्र कुमार गुप्ता वल्द कैलाश चंद गुप्ता की ओर से दिनांक 11/03/2026 को आम सूचना प्रकाशित कर अनुबंध विलेख दिनांक 21/08/2025 को निरस्त करने का लेख करते हुए मेरे पक्षकार दीपक जैन एवं गौतम शर्मा से इकरारित भूमि मौजा मोवा प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नंबर 867/1 रकबा 7.60 एकड़ के संबंध में संव्यवहार नहीं करने का लेख किया है। जिसका इस आम सूचना के द्वारा खण्डन किया जा रहा है। मेरा पक्षकार दीपक जैन पिता श्री मोहन लाल जैन निवासी धमतरी एवं आपके पक्षकार राजेन्द्र कुमार गुप्ता पिता कैलाशचंद गुप्ता निवासी सुभाष एक्सटेंशन उत्तम नगर न्यू दिल्ली के मध्य हुए अनुबंध विलेख दिनांक 21/08/2025 पूरी तरह प्रभावशील है मेरे पक्षकार द्वारा विकेता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को ब्याना स्वरूप बड़ी राशि प्रदान कर चुका है। अनुबंध विलेख के अनुसार इकरारित भूमि का विधिवत सीमांकन, सर्वेक्षण एवं राजेन्द्र कुमार गुप्ता के सहखातेदार नरेन्द्र कुमार गुप्ता सुरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं अनिल कुमार गुप्ता पिता स्व. कैलाशचंद गुप्ता के मध्य स्वत्व संबंधी व्यवहार वाद क्रमांक 181/25 का निराकरण कर अनुबंध के शर्तों के अनुसार पालन कर मेरे पक्षकार को सूचित करना है। ताकि इकरारित भूमि का अनुबंध विलेख 21/08/2025 के अनुपालन में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। परन्तु उसके द्वारा अनुबंध विलेख का निर्धारित अवधि में पालन करने में चूक का नोटिस प्रेषित करवाया था जिसका प्रतिउत्तर पृथक से प्रेषित कर दी गई है एवं इस आम सूचना का भी खण्डन किया जा रहा है। इसलिए सर्व श्री के.के. शुक्ला अधिवक्ता द्वारा आम सूचना शीर्षक दिनांक 11/03/2026 से कोई भ्रमित न हो मेरा पक्षकार दीपक जैन एवं राजेन्द्र कुमार गुप्ता के मध्य हुए अनुबंध प्रभावशील है निरस्त नहीं हुआ है।

उपरोक्तानुसार आम सूचना का खण्डन किया जा रहा है।

दीपक जैन	भवदीय
पिता मोहन लाल जैन	विपिन पवार अधिवक्ता
निवासी बस्तर रोड धमतरी	गोकुलपुर वार्ड रूद्री रोड
तह. व जिला धमतरी छ.ग.	धमतरी जिला धमतरी

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./78/ न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 02/04/2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

e-Procurement Tender Notice (1st Call)

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा अधोसंरचना मद अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड, आर.सी. सी. नाली एवं अन्य निर्माण कार्य (विभिन्न प्रकृति के 17 कार्य) के लिए System Tender No System Tender 183786, 183787, 183788, 183790, 183791. 183792, 183795, 183800, 183801, 183802, 183805, 183809, 183810, 183811, 183812, 183813 and 183814 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Following work as per schedule of rates for Road works issued by Engineer-In-Chief PWD Raipur in force from 01.01.2025, Building S.O.R. in force from 01.01.2015, ELECTRICAL S.O.R 01.06.2020, and amendments applicable upto date of issue of NIT.] से प्रचलित एस. ओ. आर. में प्रतिशत दर पर (System Tender 183786, 183787, 183788, 183790, 183791. 183792, 183795, 183800, 183801, 183802, 183805, 183809, 183810, 183811, 183812, 183813 and 183814, Bid Start Date 05.04.2026, Bid Due date. 27.04.2026, Physical Submission Last Date 30.04.2026, Open Date 01.05.2026) तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के (माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 01/2026-27 मण्डला, दिनांक 06/04/2026

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।

ग्रुप. क्र.	टेंडर आई.डी.	जिला	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_4972061	मण्डला	बिछुआ से कोटा सांगवा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.48 किमी.	चतुर्थ आमंत्रण	315.62	315700	15000	05 माह वर्षाकाल सहित
				योग रू.	315.62	-	-	-

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/04/2026 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जायेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,
लो.नि.विभाग (भ/स) संभाग मण्डला

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि अवधि से ज्यादा वक्त तक कारावास व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जल्दी सुनवाई के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने ने कथित ठग को जमानत देते हुए अपने आदेश में कहा, 'स्वतंत्रता हमारे संविधान का सबसे पवित्र सिद्धांत है, इसलिए न्यायालय विशेष कानून या आर्थिक अपराधों के बहाने राज्य के साथ मिलीभगत करते हुए अपने निर्णयों से स्वतंत्रता का उपदेश नहीं दे सकता।' जस्टिस विशाल गोगने ने कहा, 'यद्यपि धन शोधन का अपराध गंभीर प्रकृति का है, फिर भी पीएमएलए जैसे विशेष कानून राज्य का कोई ऐसा अत्याचार नहीं है जिसे अदालत के माध्यम से आरोपी की स्वतंत्रता पर थोपा जा सके।

कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

Email Id-cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/53/लो.नि./न.पं./निवि.आ.सू./2026-27 साजा, दिनांक 06.04.2026

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्रं.	कार्य का नाम	योजना मद	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	निविदा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	विधायक निधि के तहत वार्ड क्रं. 14 सरस्वती शिशु मंदिर में आहाता निर्माण (कुल कार्यों की संख्या 01) कुल लागत 5.00 लाख	विधायक निधि	5.00 लाख	24.04.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://uad.cg.gov.in/) वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन हैं जल है तो कल है। समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

शब्द पहेली - 6189



बाएँ से दाए
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6188 का हल

सूडोकु नवताल- 6199

★✩✩✩✩ सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6198 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

खबर संक्षेप

रुपया 10 पैसे टूटकर 93 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.00 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की समयसीमा और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशकों में चिंता बनी रही, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव देखा गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अस्थिर वैश्विक हालात के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी, मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले दबाव में बना हुआ है।

चांदी 2,000 रुपए लुढ़की सोना 600 रुपए टूटा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चांदी की कीमतें 2,000 रुपये टूटकर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 600 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई।

बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

जमा वृद्धि के मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सार्वजनिक बैंकों से बेहतर

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

निजी क्षेत्र के बैंकों ने जमा वृद्धि के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को पीछे छोड़ते हुए मजबूत वृद्धि दर्ज की है। हालांकि कुल मिलाकर बैंकों को जमा जुटाने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों के अस्थायी आंकड़ों को समग्र रूप से देखने पर पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में यह वृद्धि दो से 14 प्रतिशत रही।

> वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में निजी बैंकों ने जमा में 12 से 17% की वृद्धि

एजेंसी द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, कम लागत वाली जमाओं पर लगातार दबाव के कारण, बैंक हाल की तिमाहियों में जमा प्रमाणपत्र के माध्यम से कोष जुटाने पर अधिक निर्भर रहे हैं। जमा जुटाना विशेष रूप से चालू खाता एवं बचत खाता (सीएएसए) के मामले में चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसका कारण यह है कि अपेक्षाकृत कम ब्याज दरों के कारण अन्य वित्तीय उत्पादों की तुलना में ये जमा कम आकर्षक हो गए हैं।

एचडीएफसी की जमा वृद्धि 14 फीसदी रहने का अनुमान

घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा कि एचडीएफसी बैंक की जमा वृद्धि वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 प्रतिशत बनी रहने का अनुमान है और उस समय तक कर्ज-जमा अनुपात घटकर 94 प्रतिशत रहने की संभावना है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14.33 प्रतिशत की जमा वृद्धि दर्ज की। इसके बाद बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 14 प्रतिशत और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 13.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की

निजी बैंकों में से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। बैंक की जमा राशि 17.2 प्रतिशत बढ़कर 2.43 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके बाद कोटक महिंद्रा बैंक 14.7 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक 14.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 2.92 लाख का दिया ऋण

सरकारी बैंकों ने इस मामले में 12 से 22 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की है जबकि निजी बैंकों ने 12 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सालाना आधार पर 22 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.92 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया। इसके अलावा, यूको बैंक ने 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.34 लाख करोड़ रुपये और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 18.90 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.45 लाख करोड़ रुपये के कर्ज दिए।

ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के मुताबिक, 15 मार्च, 2026 तक ऋण वृद्धि 13.8 प्रतिशत रही और पर्याप्त नकदी एवं जीएसटी कटौती के बाद उपभोग-आधारित सुधार के कारण इसमें तेजी बनी हुई है।

एसबीआई ने नहीं किए आंकड़े जारी

अधिकांश बैंकों ने मार्च तिमाही खत्म होने के बाद अस्थायी प्रदर्शन आंकड़े साझा किए हैं। लेकिन देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई जैसे कुछ बैंकों ने ये आंकड़े नहीं दिए हैं। हालांकि कर्ज के मामले में सरकारी बैंकों का प्रदर्शन निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रहा है।

ईरान युद्ध से प्रभावित कारोबारों के लिए ऋण गारंटी योजना पर विचार

सरकार एमएसएमई को राहत देने 2.5 लाख करोड़ की योजना ला सकती है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली।

सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया

इस योजना के तहत अर्थव्यवस्था के करीब सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया था और पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण पर सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई थी। योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके।

लोटस की 26वीं एनिवर्सरी, खुशियां अपार

स्क्रैच एंड विन के तहत जीतो 1 करोड़ तक के इनाम

इंदौर/रायपुर। इलेक्ट्रॉनिक्स का वन स्टॉप डेस्टिनेशन और रिश्ता बेहतर जिंदगी से बनाने वाली आपकी अपनी लोटस आज 26 वर्ष पूर्ण करा है। लोटस पर ग्राहकों का सम्पूर्ण भरोसा, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट, 100 से ज्यादा ब्रांड्स मौजूद है। जो ग्राहक को देते है अनगिनत खुशिया।

इस 26वीं एनिवर्सरी पर स्पेशल एनिवर्सरी डील फेस्टिवल में जीतो स्क्रैच एंड विन के तहत 1 करोड़ तक के इनाम और साथ ही 75 प्रतिशत तक की छूट शर्ते लागू । हर बार की तरह एनिवर्सरी पर लोटस एनिवर्सरी डील फेस्टिवल में पाए सभी प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स। लोटस का कहना है की जब आपको एक ही जगह पर ढेरों विकल्प मिलते हैं तो उनमें से अपना पसंदीदा उत्पाद खरीदना बहुत आसान हो जाता है। यही वजह है कि लोटस पर आकर ग्राहकों को हर प्रकार की शंका और दुविधा का समाधान मिल जाता है। परिवार में हर सदस्य की जरूरतें अलग-अलग होती हैं, उसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक सामान को लेकर भी परिवार के सदस्यों की पसंद भी अलग-अलग होती है।

लोटस इलेक्ट्रॉनिक्स पर इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ग्राहकों को अपनी जरूरत का प्रॉडक्ट चुनने के लिए हर तरह की मदद जरूर मिले। इसके लिए लोटस के सभी स्टोर्स पर एक्सपर्ट टीम मौजूद रहती है जो ग्राहकों को विधिवत तरीके से किसी भी प्रॉडक्ट से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी मुहैया कराती है। जैसे कि प्रॉडक्ट पर मिलने वाले कंपनी ऑफर्स, फेस्टिव ऑफर्स, विशेष डिस्काउंट, स्पेशल प्राइस, ड्यूरेबिलिटी, सर्विस हेल्प, वॉरंटी और डिलीवरी ऑप्शन तक कंपलीट इंफॉर्मेशन मिलती है।

ऑफर सेल बेतहत सर्विस

कस्टमर फ्रेंडली स्टाफ बेहतर सेवा के साथ बेहतर प्रॉडक्ट्स पेश करना लोटस को स्पेशल बनाता है। लोटस की एक्सपर्ट टीम ग्राहकों को सही उत्पाद का चयन करने में सहायता करती है। ग्राहकों की शॉपिंग को यादगार बनाने के लिए यहां का कस्टमर फ्रेंडली स्टाफ हमेशा से ही खास भूमिका निभाता रहा है। यही वजह है कि लोटस पर आकर प्रॉडक्ट्स को लेकर ग्राहकों की हर दुविधा और कंफ्यूजन दूर हो जाता है। यहां से प्रॉडक्ट खरीदने पर ग्राहकों को एक्सपर्ट एडवाइज के साथ ही प्रॉडक्ट का फ्री डेमो भी मिलता है। ऑफ्टर सेल सर्विस मिलने से ग्राहकों के लिए उनकी हर शॉपिंग, वैल्यू फॉर मनी साबित होती है।

टोल प्लाजा पर अब 10 अप्रैल से नकद भुगतान नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान नहीं होगा। मंत्रालय ने राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा है कि यदि कोई वाहन वैध फास्टैग के बिना टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उपयोगकर्ता एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेकिन उन्हें लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य टोल प्लाजा पर लंबी कतारों को कम करना और यात्रियों के लिए राजमार्ग यात्रा को सुगम बनाना है।

यूपीआई से लागू शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा

अधिकारी ने कहा, ''यदि कोई वाहन चालक बिना फास्टैग या वैध फास्टैग के शुल्क प्लाजा में प्रवेश करता है और यूपीआई के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने का विकल्प चुनता है, तो उसे नियम चार के उप-नियम (दो) के प्रावधानों के अनुसार उस श्रेणी के वाहन पर लागू शुल्क का 1.25 गुना भुगतान करना होगा।''

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS
मस्सा नाशक

शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा निफ्टी 23,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 155.40 अंकचढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

आईटी, एफएमसीजी व धातु शेयरों में रही तेजी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ईरान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की समय सीमा को लेकर जारी आशंकाओं के कारण सत्र की शुरुआत कमजोर रही। मुख्य रूप से बढ़त आईटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और धातु क्षेत्रों में सीमित रही...।''

बिजनेस साइट

एक्सिस बैंक ने शुरू की 'वूमेंस स्मॉल बिजनेस बैंकिंग सुविधा'

रायपुर। एक्सिस बैंक ने अपनी 'वूमेंस स्मॉल बिजनेस बैंकिंग' सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। यह एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए किफायती और व्यवस्थित वित्तीय समाधानों तक पहुंच को आसान बनाना है। यह पेशकश कर्ज सुविधाओं को व्यापक बैंकिंग सेवाओं और करंट अकाउंट के फायदों के साथ जोड़ती है। इसका मकसद महिला-मालकिन वाले व्यवसायों की तरक्की और स्थिरता को बढ़ाने के लिए एक संपूर्ण बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। इस पहल के तहत महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई को विशेष दरों का लाभ मिल सकता है, जिसमें सिक्योर्ड और क्रेडिट-गारंटी आधारित लोन पर ब्याज दरों में रियायत शामिल है। इसके साथ ही, करंट अकाउंट से जुड़े तय फायदे भी मिलते हैं, जो रोजमर्रा के बिजनेस लेनदेन और नकदी प्रबंधन को सरल बनाते हैं। इसका उद्देश्य किफायती कर्ज तक पहुंच सुधारना और महिला उद्यमियों को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद करना है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

कांस्टेबल परीक्षा ठुकराई, आईपीएल खेलने निकला नजफगढ़ का 'प्रिंस'

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्विंग गेंदबाज प्रिंस यादव ने अक्षर और ईशान के डिफेंस को भेदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, 'आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।' अब बात करते हैं 2026 की। वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा।

18 साल की उम्र तक नहीं खेला चमड़े की गेंद से

प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, 'कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, 'बेटे की जिद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुजारा हो पाता है। लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने उसे अपनी इच्छा पूरी करने दी।'

अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस

प्रिंस के शानदार प्रदर्शन के बाद अब नजफगढ़ के खेड़ा डाबर गांव से भी लोग उनके घर पर बधाई देने के लिए आने लगे हैं। उन्होंने कहा, 'पहले हमारे इस इलाके को लोग इसलिए जानते थे क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति साहिबा (प्रतिभा पाटिल) चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान का उद्घाटन करने (2012में) यहां आई थी। अब हमारा इलाका क्रिकेट के लिए फेमस हो गया है।' राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई।

पीठ पर रेत की बोरी और खेतों में दौड़

राम निवास ने कहा, मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।' एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, 'प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया।

प्रिंस कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा : कोच वशिष्ठ

प्रिंस के कोच वशिष्ठ ने कहा, 'वह यॉर्कर गेंदें फेंक सकता था और टेनिस बॉल को भी अच्छी गति से स्विंग करा सकता था। जब मैंने उसे देखा तो मैंने उसके दोस्तों से कहा कि वे उसे मुझसे मिलने के लिए कहें। वह पहले से ही 18 साल का था और उसके पास अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बहुत कम समय था।' वशिष्ठ को लगता है कि प्रिंस की कड़ी मेहनत करने की क्षमता ही उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, ' वह कड़ी मेहनत करने से पीछे नहीं हटा। वह दिल्ली की भीषण गर्मी में भी दो घंटे गेंदबाजी कर सकता है। प्रदीप के साथ काम करने से उसकी फिटनेस में सुधार हुआ है। वह जहीर खान और भरत अरुण से भी टिप्स ले चुका है। अब उसकी सफलता की कोई सीमा नहीं है।'

खबर संक्षेप

पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हारे अभय

नई दिल्ली। भारत के शीर्ष खिलाड़ी अभय सिंह मिस्र के एल गौना में चल रही पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता एल गौना ओपन स्क्वाश के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में यूसुफ इब्राहिम से हार गए। विश्व में 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने सोमवार को खेले गए मैच में अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी इब्राहिम के खिलाफ पहला और तीसरा गेम जीता, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। मिस्र के छठे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इब्राहिम ने आखिर में यह कड़ा मुकाबला 7-11 11-9 9-11 11-5 11-8 से जीता। यह मैच 68 मिनट तक चला, जिससे इब्राहिम ने खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है।

बीसीबी अध्यक्ष पद से हटाए गए अमीनुल

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने का अनुरोध किए जाने के कुछ ही दिन बाद देश की राष्ट्रीय खेल परिषद (एनएससी) ने पूर्व कप्तान और बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल को पद से हटा दिया और नए चुनाव होने तक बोर्ड के दैनिक कामकाज को चलाने के लिए तदर्थ समिति का गठन किया है। बीसीबी के सूत्रों के अनुसार बुलबुल को मुख्य रूप से टी20 विश्व कप के दौरान हुए विवाद के कारण हटाया गया। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 11 सदस्यीय तदर्थ का प्रमुख बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी अगले 90 दिन के भीतर क्रिकेट बोर्ड के चुनाव करवाना है।

हमें बल्लेबाजी में सुधार करने की जरूरतः क्लासेन

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। क्लासेन ने कहा, 'हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।' उन्होंने कहा, ' हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।'

रॉयल्स ने लगाई जीत की हैट्रिक, मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराया

राजस्थान रॉयल्स ने 11 ओवर में ठोके 150 रन यशस्वी-वैभव ने मचाई एमआई खेमे में खलबली

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। वैभव सूर्यवंशी ने 14 बॉल पर 39 रन की तूफानी पारी खेली। बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया, जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए।

वैभव ने किया बुमराह, बोल्ट और शार्दुल का छक्के से स्वागत

वैभव सूर्यवंशी का तूफानी अंदाज आईपीएल 2026 में जारी है और मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी की। 15 वर्षीय वैभव ने जसप्रीत बुमराह का स्वागत छक्के से किया। बुमराह के ओवर में सूर्यवंशी ने दो छक्के लगाए। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट की भी पहली गेंद पर वैभव ने छक्का लगाया और फिर शार्दुल ठाकुर का भी यही अंजाम हुआ। शार्दुल ठाकुर के ऊपर भी वैभव सूर्यवंशी ने दो बेहतरीन छक्के लगाए। वैभव ने अपनी पारी 14 गेंद की ही खेली लेकिन राजस्थान को तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 14 गेंद पर 39 रन ठोके और अपनी पारी में सिर्फ एक चौका और पांच छक्के लगाए। आखिरी में वह शार्दुल ठाकुर का ही शिकार बने।

वैभव-यशस्वी की तीसरी 70 प्लस पार्टनरशिप

वैभव और यशस्वी की जोड़ी ने 30 गेंद पर 80 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। लगातार तीसरे मैच में वैभव और यशस्वी की जोड़ी ने 70 या उससे अधिक रन की साझेदारी की। इससे पहले सीएसके के खिलाफ 38 गेंद पर 75, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंद पर 70 रन की साझेदारी की थी।

स्कोर बोर्ड

राजस्थान रॉयल्स	रन	गेंद	4	6
जायसवाल नाबाद	77	32	10	4
सूर्यवंशी का तिलक बो शारदुल	39	14	1	5
जुरेल पगबधा बो गजनफर	02	3	0	0
पराग का तिलक बो गजनफर	20	10	1	2
हेटमायर नाबाद	06	7	0	0

अतिरिक्त: 06, कुल: 11 ओवर में तीन विकेट पर: 150 रन
गेंदबाजी: चाहर 1-0-22-0, बुमराह 3-0-32-0, बोल्ट 1-0-22-0, पंड्या 2-0-17-0, शारदुल 2-0-36-1, गजनफर 2-0-21-2

मुंबई इंडियन्स	रन	गेंद	4	6
रिकेल्टन का जुरेल बो आर्चर	08	4	0	1
रोहित शर्मा पगबाधा बो संदीप	05	6	0	0
यादव का आर्चर बो बर्गर	06	3	0	1
वर्मा का हेटमायर बो बिश्नोई	14	10	2	0
पंड्या का जायसवाल बो बिश्नोई	09	6	2	0
नमन धीर का बिश्नोई बो बर्गर	25	13	3	1
रदरफोर्ड का संदीप बो देशपांडे	25	8	2	2
शारदुल का जुरेल बो संदीप	08	7	1	0
दीपक चाहर नाबाद	06	5	1	0
ट्रेंट बोल्ट रन आउट	01	2	0	0
बुमराह नाबाद	05	2	1	0

अतिरिक्त: 11, कुल : 11 ओवर में नौ विकेट पर: 123 रन
गेंदबाजी: आर्चर 2-0-17-1, बर्गर 2-0-21-2, संदीप 3-0-26-2, देशपांडे 2-0-29-1, बिश्नोई 2-0-25-2,

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

फाइनल में पहुंचे ललित, शीर्ष वरीयता शी हुओयिंग को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पानीपत के 23 साल के पहलवान ललित ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की 55 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में 2025 विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की शी हुओयिंग को हराया। अब वह फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के तीसरी वरीयता प्राप्त इख्तियार बोतिरोव से होगा उनके पास एशियाई ख़िताब जीतने वाले केवल चौथे भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान बनने का मौका है।

आसान नहीं था ललित का सफर

हालांकि ललित के यहां तक पहुंचने का सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था. ललित ने अपनी मां को तब खोया, जब वह पालने में ही थे और वह अपने पिता के किसी भी सहारे के बिना बड़े हुए। 2023 में ललित के सिर से पिता का भी साया उठ गया, लेकिन कुश्ती ही वह जगह थी, जहां उन्हें अपना दूसरा परिवार मिला। कुश्ती के शुरुआती दिनों में झज्जर में ललित की मुलाकात विजय गहलावत से हुई, जो उनके साथ के एक सीनियर पहलवान थे और आगे चलकर उनके सबसे करीबी दोस्त बने और जिन्होंने एक बड़े भाई और अभिभावक की भूमिका निभाई।

आईसीसी रैंकिंग

वनडे में अलाना का जलवा फिर बनीं नंबर वन गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की स्पिन गेंदबाज अलाना किंग वनडे में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक गेंदबाज बन गई हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का इनाम अलाना को आईसीसी की जारी ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। अलाना किंग ने मार्च में नंबर एक गेंदबाज की पोजीशन को हासिल किया था।

हालांकि, कुछ हफ्तों बाद ही सोफी एक्लेस्टोन ने उनकी बादशाहत को खत्म कर दिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मुकाबले में अलाना ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर के स्पेल में सिर्फ 19 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। इस स्पेल में अलाना ने 44 गेंदें डॉट फेंकी थीं और टीम को 9 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अलाना ने वनडे की ऑलराउंडर रैंकिंग में भी अपनी स्थिति को मजबूत किया है। वह सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं और उन्होंने साइवर-ब्रंट को एक पायदान नीचे धकेल दिया है।

अमेलिया ने लगाई बड़ी छलांग

वहीं, दूसरे वनडे में 179 रनों की यादगार पारी खेलकर अमेलिया केर ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वह 6 पायदान ऊपर चढ़कर अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15वें नंबर पर आ गई हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हर फॉर्मेट में इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। वह लगातार बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दे रही हैं। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन जबरदस्त रहा। टी20 में भी अमेलिया लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, और वह दुनिया की नंबर एक ऑलराउंडर भी बनी हुई हैं। वहीं, वनडे के ऑलराउंडर रैंकिंग में अमेलिया केर अब मारिजाने कैप से आगे निकल गई हैं।

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप मिश्रित युगल जोड़ियां बाहर

निंगबो। भारत की बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के मिश्रित युगल में शुरुआत निराशाजनक रही जब उसकी दोनों जोड़ियां पहले दौर से हारकर बाहर हो गईं। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की जोड़ी मलेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त गोह सून हुआत और लेइ शेवोन जैमी की जोड़ी से 34 मिनट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में असित सूर्या और अमृता प्रथमेश की जोड़ी मलेशिया के वोंग तियेन सि और लिम चियू सियेन से 31 मिनट में हार गई। एकल वर्ग के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। पुरुष एकल में आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य सेन का सामना हांगकांग के ली चियुक यू से होगा। वहीं महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से खेलेंगी। भारत की पुरुष टीम में सेन के अलावा किदाम्बी श्रीकांत, एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी हैं। वहीं महिला टीम में सिंधू के साथ तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ हैं।

13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में होंगे मुकाबले

अर्जेंटीना से 4 मैचों की सीरीज खेलेगी महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| तूरिन

भारत की सीनियर महिला हॉकी टीम चार मैचों की श्रृंखला के लिए अर्जेंटीना का दौरा करेगी। इस श्रृंखला के मैच 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स के सीएएनएआरडी में खेले जाएंगे।

भारतीय टीम अपने मैच 13, 14, 16 और 17 अप्रैल को अर्जेंटीना के नेशनल सेंटर ऑफ हाई परफार्मेंस एथलेटिक्स सेंटर (जिसे सीएएनएआरडी के नाम से भी जाना जाता है) में खेलेगी। भारत और अर्जेंटीना के बीच हाल में कुछ कड़े मुकाबले खेले गए हैं। इनमें पिछले साल जून में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 का मैच भी शामिल है, जिसका फैसला 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में किया गया। भारतीय टीम का यह दौरा बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इससे भारतीय टीम को विभिन्न संयोजन आजमाने का मौका भी मिलेगा।

दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक अर्जेंटीना

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम 24 खिलाड़ियों की टीम के साथ अर्जेंटीना जा रहे हैं। यह एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है। इस दौरे का उद्देश्य अधिक से अधिक खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रदर्शन करने का मौका देना है। अर्जेंटीना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है और इस श्रृंखला से हमें प्रति खिलाड़ी को परखने का मौका मिलेगा। हम देखना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर कौन बेहतर प्रदर्शन कर सकता है।' उन्होंने कहा, ' इस टीम में जगह बनाने के लिए आपको सबसे पहले यह साबित करना होगा कि आप एक 'टीम प्लेयर' हैं। व्यक्तिगत प्रतिभा महत्वपूर्ण है लेकिन अगर आप इस टीम के साथ तालमेल नहीं बिठा सकते और एक-दूसरे की मदद नहीं कर सकते हैं तो आपके लिए इस टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।'

इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में पोलिटानो ने दागा जीत का गोल

नेपोली ने एसी मिलान को हराया, खिताब की उम्मीद बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन

स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थान पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।

गिरोना ने विलारियाल को हराया

गिरोना। विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

रूस के खिलाफ तीन फ्रेंडली मैच खेलेगी महिला टीम

भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम रूस के खिलाफ 11 से 17 अप्रैल तक सोची में तीन मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच पामेला कोंटी ने इस दौरे के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह मैच 11, 14 और 17 अप्रैल को सोची के मात्सेस्टा फुटबॉल सेंटर में खेले जाएंगे। इस साल चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम सोची पहुंची। भारतीय महिला टीम पिछले महीने यांगून गई थी, जहां उसने मेजबान टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले। इन दोनों मैच में उसने जीत (2-0 और 3-2) हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। सूज़ौ में होने वाले एशियाई कप में भारत को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया (दो मई), जापान (पांच मई) और लेबनान (आठ मई) से होगा।



खत्म होने की कगार पर है ये देश, 1 करोड़ लोगों की जान आफत में!

हवाना। दुनिया के नक्शे पर एक छोटा सा द्वीप देश क्यूबा इन दिनों इतिहास के सबसे बुरे संकट से गुजर रहा है। तेल की कमी इतनी गंभीर हो गई है कि देश में लगातार बिजली कट रही है। कई इलाकों में 12 से 20 घंटे तक बिजली नहीं आती। पूरा देश अंधेरे में डूबा हुआ है। खाना पकाने के लिए लोग लकड़ी और कोयला जला रहे हैं। अस्पतालों में सर्जरी रुक गई हैं, दवाइयां खत्म हो रही हैं और कचरा सड़कों पर सड़ रहा है। क्यूबा की आबादी लगभग 1 करोड़ 10 लाख है। हाल के महीनों में देश में तीन बार पूरे द्वीप पर ब्लैकआउट हो चुका है। ईरान-अमेरिका वॉर के बीच ये देश अब धीरे-धीरे खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है, लेकिन कोई भी इसका जिक्र नहीं कर रहा।

क्या है असली वजह?

क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहा है। हाल ही में अमेरिका ने वेनेजुएला से आने वाले तेल शिपमेंट्स को रोक दिया है। इसके बाद मेक्सिको और अन्य देशों को भी तेल भेजने पर टैरिफ और दबाव का सामना करना पड़ा। नतीजा यह हुआ कि क्यूबा को तीन महीने से कोई बड़ा तेल टैंकर नहीं मिला है। देश अपनी जरूरत का सिर्फ 40% तेल खुद पैदा कर पाता है। बाकी आयात पर निर्भर था। सरकार का कहना है कि यह 'तेल ब्लॉकेड' जानबूझकर लगाया गया है। राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल ने इसे 'मानवीय संकट' बताया। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने भी चिंता जताई है।

बदतर हुए हालात

मार्च 2026 में ही देश में तीन बड़े ब्लैकआउट दर्ज किए गए। बिजली उत्पादन के लिए जरूरी तेल ना मिलने से पुराने बिजलीघर बंद पड़े हैं। सरकार ने इमरजेंसी उपाय अपनाए हैं– कार्यालयों के समय कम किए गए हैं, ईंधन की बिक्री सीमित कर दी गई है और जरूरी सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित

देश में हजारों लोग सर्जरी का इंतजार कर रहे हैं, दवाइयों की कमी से पुरानी बीमारियों वाले मरीजों की स्थिति बिगड़ रही है। हवाना और अन्य शहरों में बसें कम चल रही है। लोग पैदल या साइकिल से काम पर जा रहे हैं। पानी की सप्लाई भी बिजली पर निर्भर होने से प्रभावित है। स्कूल और दफ्तर बंद हो रहे हैं। खाने की कीमतें आसमान छू रही हैं। कई परिवार अब एक समय का खाना खाकर गुजारा कर रहे हैं। क्यूबा सरकार ने सोलर एनर्जी बढ़ाने की कोशिशें तेज कर दी हैं, लेकिन पुरानी बिजली व्यवस्था और तेल की कमी के कारण स्थिति तुरंत सुधर नहीं रही है।

● रोचक खबरें

खुद निकाह करवाया, फिर विदाई पर मुकरे ससुर जी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में शादियों के दो अनोखे मामले सामने आए हैं। मुरादाबाद में एक पिता ने निकाह के बाद दूसरी बेटी को विदा करने से यह कहकर मना कर दिया कि उन्हें दूल्हा पसंद नहीं है। वहीं, बरेली में दूल्हे को एक दूसरी युवती के साथ घूमते देख दुल्हन पक्ष ने शादी तोड़ दी और बारात बैरंग लौट गई। मुरादाबाद के सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को एक घर से दो बेटियों की बारातें एक साथ विदा होनी थीं। एक बारात स्थानीय गांव से थी और दूसरी बिजनौर जिले से आई थी। दिन भर जश्न का माहौल रहा, बारातियों का जोरदार स्वागत हुआ और दोनों बेटियों का निकाह भी आपसी रजामंदी से संपन्न हो गया। असली ड्रामा तब शुरू हुआ जब विदाई का वक्त आया। पिता ने एक बेटी को तो ससुराल के लिए हंसी-खुशी विदा कर दिया, लेकिन दूसरी बेटी की बारी आते ही अड़ गए। पिता ने दो टूक कह दिया कि उन्हें यह दूल्हा पसंद नहीं है और वो अपनी बेटी को उसके साथ नहीं भेजेंगे। निकाह के बाद अचानक हुए इस फैसले से वहां अफरा-तफरी मच गई। काफी मान-मनौव्वल के बाद भी पिता नहीं पसीजे और अंत में मामला पंचायत तक पहुंच गया। वहीं, बरेली के हाफिजगंज क्षेत्र में एक शादी समारोह हंगामे की भेंट चढ़ गया। यहां भोजीपुरा से आई बारात का स्वागत बड़े धूमधाम से किया गया था। निकाह की रस्में शुरू होने ही वाली थीं कि तभी दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे को एक अन्य युवती के साथ बारात घर में घूमते हुए देख लिया। जब दूल्हे से उस युवती के बारे में पूछा गया, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। देखते ही देखते बात बढ़ गई और दुल्हन के परिजनों ने निकाह करने से साफ मना कर दिया। काफी देर तक समझौते की कोशिशें चलती रहीं, लेकिन दुल्हन पक्ष अपनी जिद पर अड़ा रहा। नतीजा यह हुआ कि दूल्हे को बिना दुल्हन लिए ही वापस लौटना पड़ा।

लेह में बिका 25 हजार का एक अंडा...मुर्गा भी सवा लाख के पार

नई दिल्ली। क्या आपने कभी सुना है कि एक अंडा 25,000 रुपए में बिक सकता है? चौंकिए मत, लेह की वादियों में इंसानियत और जज्बे की ऐसी मिसाल पेश की गई है कि दुनिया देखती रह गई। ईरान के जंग प्रभावित मासूमों की मदद के लिए यहां के लोगों ने अपनी तिजोरियां और दिल दोनों खोल दिए हैं। लद्दाख की कड़कड़ाती ठंड में लेह के लोगों ने अपनी दरियादिली से पूरी दुनिया में गर्मी पैदा कर दी है। ईरान और अमेरिका के बीच जारी जंग के बीच, वहां के बेगुनाह बच्चों और परिवारों की मदद के लिए लेह में एक खास नीलामी रखी गई। इस नीलामी का आलम यह था कि जिस अंडे की कीमत बाजार में महज 10 रुपए होती है, उसके लिए शब्बीर हुसैन नाम के शख्स ने खुशी-खुशी 25 हजार रुपए की बोली लगा दी। अंजुमन इमामिया और मजलिस-ए-उलेमा लेह की इस मुहिम में लोग सिर्फ सामान नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं दान कर रहे हैं। शब्बीर हुसैन ने साफ कहा कि, यह पैसा उन्होंने किसी अमीरी की नुमाइश के लिए नहीं, बल्कि ईरान में जुल्म सह रहे बच्चों के दर्द को कम करने के लिए दिया है। लेह के बाजार में जब इस अंडे की नीलामी हुई तो हर कोई दंग रह गया। यह सिर्फ एक अंडा नहीं था, बल्कि एक कौम का अपने रहबर (नेता) के प्रति यकीन और मजलूमों के लिए प्यार था। इससे पहले कारगिल के त्रेसापोन इलाके में भी कुछ ऐसा ही मंजर दिखा था, जहां दान में मिले एक मुर्गे को सवा लाख रुपए में खरीदा गया।

चांद बनेगा दुनिया का पावर हाउस!

जापान अब चंद्रमा के चारों ओर बनाने जा रहा सौर रिंग

टोक्यो। जापान ने अंतरिक्ष और ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांतिकारी योजना पेश की है, जिसे सुनकर किसी साइंस-फिक्शन फिल्म की याद आ जाए। जापानी कंपनी शिमिजु कॉरपोरेशन ने चांद के चारों ओर एक सोलर रिंग बनाने का प्रस्ताव रखा है, जो धरती की बिजली की जरूरतों को हमेशा के लिए खत्म कर सकती है।

इंसान की बिजली की भूख को मिटाने के लिए अब तक हम कोयले, पानी और सूरज की किरणों का सहारा लेते आए हैं। लेकिन, जापान ने अब एक ऐसी योजना पर काम शुरू किया है, जिसे सुनकर अच्छे-अच्छों के होश उड़ जाएं. जापानी कंपनी शिमिजु कॉरपोरेशन ने चांद के चारों ओर एक विशालकाय लूनर सोलर रिंग बनाने का प्रस्ताव दिया है। अगर यह प्रोजेक्ट हकीकत बनता है, तो धरती को कभी न खत्म होने वाली बिजली मिल सकेगी।

क्या है लूनर रिंग का मेगा प्लान?

जापानी इंजीनियरों के अनुसार, चांद पर न तो बादल होते हैं और न ही वहां कोई वायुमंडल है। इसका मतलब है कि वहां सूरज की रोशनी 24 घंटे बिना किसी रुकावट के मिलती रहती है। इसे देखते हुए जापान के वैज्ञानिक चाहते हैं कि चांद की भूमध्य रेखा के चारों तरफ करीब 11,000 किलोमीटर लंबी और 400 किलोमीटर चौड़ी सौर पैनलों की एक पट्टी बिछाई जाए। चूंकि चांद पर इंसानों को भेजकर इतना बड़ा काम करना मुश्किल है, इसलिए जापान वहां स्वायत्त रोबोट की एक फौज भेजने की योजना बना रहा है। ये रोबोट वहीं की मिट्टी और संसाधनों का इस्तेमाल करके कंक्रीट और सौर पैनल बनाएंगे।

चांद से धरती तक कैसे आएगी बिजली?

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि चांद पर बनी बिजली धरती तक कैसे पहुंचेगी? इसके लिए जापान ने दो हाई-टेक तरीके बताए हैं। इसमें पहला तरीका लेजर बीम का है, जिससे चांद पर मौजूद पावर स्टेशन बिजली को लेजर किरणों में बदलेंगे और सीधे धरती पर बने रिसीविंग स्टेशनों पर भेजेंगे। वहीं, दूसरा तरीका माइक्रोवेव ट्रांसमिशन का है, जिसमें बिजली को माइक्रोवेव ऊर्जा में बदलकर धरती की ओर 'बीम' किया जाएगा। यहां लगे बड़े एंटीना इस ऊर्जा को फिर से बिजली में बदल देंगे।

क्यों पड़ी इस आइडिया की जरूरत : जापान ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर होना चाहता है। धरती पर सौर ऊर्जा के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि रात में या बादल होने पर बिजली नहीं बनती. लेकिन चांद पर बनी यह सौर बेल्ट हर साल 13,000 टेरावाट बिजली पैदा कर सकती है, जो पूरी दुनिया की मौजूदा खपत से कहीं ज्यादा है।

कहां आ रही मुश्किल?

भले ही जापान का यह प्लान सुनने में शानदार लग रहा हो, लेकिन इसके रास्ते में पहाड़ जैसी मुश्किलें हैं। सबसे पहले तो इस प्रोजेक्ट में अरबों-खरबों डॉलर का खर्च आने वाला है, जो किसी एक देश के लिए कर पाना काफी मुश्किल लग रहा है।

दूसरा, चांद पर गिरने वाले उल्कापिंड इन पैनलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर कोई भी उल्कापिंड इन पैनलों से टकराया तो इसको दोबारा रिपेयर करना बहुत मुश्किल टास्क है। जापान का मानना है कि इस योजना को चांद की सतह पर उतारने में साल 2035 या उससे ज्यादा का समय लग सकता है।

36 की उम्र में कर चुका है 88 देशों की यात्रा सोमालिया को बताया सबसे खतरनाक जगह

नई दिल्ली। दुनिया घूमना कई लोगों का सपना होता है, लेकिन कुछ लोग इसे हकीकत बना लेते हैं, एक ट्रेवल ब्लॉगर ने मात्र 36 साल की उम्र में 88 देशों की यात्रा पूरी कर ली है। अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना सबसे खतरनाक अनुभव शेयर किया है। कैलम मैकस्विगन ने बताया कि दुनिया में एक ऐसी जगह है, जहां एक दिन बिताना भी बेहद मुश्किल और खतरनाक है। इस ट्रेवल ब्लॉगर ने अपनी पोस्ट और वीडियो में कई देशों के अनुभव बताए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर जगहों पर वे सुरक्षित महसूस करते रहे, लेकिन एक जगह पर उन्हें हर पल डर और असुरक्षा का अहसास हुआ।

जान को खतरा : कैलम मैकस्विगन ने स्पष्ट रूप से उस जगह का नाम लिया जहां आतंकवादी संगठनों की सक्रियता, अराजकता और सुरक्षा की भारी कमी है। उनके अनुसार मोम्बासा या सोमालिया जैसे क्षेत्रों में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। अल-शबाब जैसे आतंकवादी समूहों की मौजूदगी के कारण वहां घूमना जोखिम भरा है। ब्लॉगर ने बताया कि वहां पहुंचते ही स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों की सलाह थी कि बाहर ज्यादा ना निकलें। एक दिन भी बिताना मुश्किल लग रहा था, क्योंकि हर तरफ तनाव और खतरे का माहौल था। ट्रेवल ब्लॉगर ने कहा, 'मैंने 88 देश देखे हैं, लेकिन वह जगह सबसे अलग थी। वहां पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी मुश्किल से उपलब्ध होती है। बाहर निकलना जोखिम भरा है।

ओलावृष्टि से बचाने वाला छतरपुर का रक्षक परिवार! आज भी निभा रहा 100 साल पुराना वादा

भोपाल। छतरपुर जिले में आज भी किसान भाइयों को हर साल चैत्र महीने में अनाज देना होता है। ये अनाज जिले के चौरसिया परिवार को देना होता है। जानकारी के मुताबिक चौरसिया परिवार के एक व्यक्ति ने किसान भाइयों की फसल को ओले से बचाया था। इसके एवज में किसान भाइयों ने अनाज देने का वादा किया था।

आज चौरसिया परिवार की तीसरी पीढ़ी को भी अनाज दिया जाता है। किसान कालीचरण सोनी बताते हैं कि हमारे जिले में चौरसिया समाज का एक ऐसा भी शख्स था, जो ऐसी विद्या जानता था जिससे वह अनावश्यक ओलावृष्टि किसान भाइयों के खेतों में नहीं गिरने देते थे, बल्कि वह अपने ही खेतों या नदी में ओला डाल देते थे।

अपने मंत्र से सभी ओले अपने खेत में गिरा लिए

कालीचरण एक किस्सा बताते हैं- आज से 100 साल पहले हमारे जिले के महाराजपुर के एक चौरसिया थे, जो अपनी विद्या से बारिश और ओला गिरने का संकेत बता देते थे। एक बार वह तीर्थस्थल में थे। उनके साथ में हमारे क्षेत्र के लोग भी थे तो उन्होंने बता दिया कि इस क्षेत्र में ओला गिरने वाले हैं। फिर लोगों ने विनती की हमारी फसलें खराब हो जाएंगी, तब उन्होंने अपने मंत्र से सभी ओले अपने खेत में गिरा लिए। हालांकि, इससे उनके खेत की फसलें बर्बाद हो जाती थीं, लेकिन गांव के सभी छोटे-बड़े किसान भाई इसके एवज में अनाज देते थे। जब भी उनको ओलावृष्टि के संकेत मिलते तो वह अपने खेत या नदी में इन ओला को गिरा लेते थे। इसके बाद चौरसिया परिवार के बेटे भी विद्या जानते थे तो वह भी अपने मंत्रों से किसानों की फसलों को ओलावृष्टि से बचा लेते थे। आज भी उनके नाती अपनी विद्या और मंत्रों का उच्चारण करके हमारी फसलों को ओलावृष्टि से बचाते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com